तापमान

अधिकतम 27.4 डिग्री

न्यूनतम 13.4 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 18 नवंबर 2025




बिलासा गर्ल्स कालेज के पास नगर निगम द्वारा पेड़ों की कटाई छंटाई की गई है, जिसका उठाव नहीं किया गया है।



**खबर संक्षेप**

### गांव में शराब दुकान खुलवाने नारेबाजी



**बिलासपुर।** गांव में संचालित शराब दुकान को तत्काल प्रभाव से बंद करने की मांग तो अक्सर सुनी जाती है, लेकिन सोमवार को कलेक्टोरेट में एक अलग तरह का नजारा देखने को मिला। तखतपुर ब्लॉक के ग्राम बरदुला के ग्रामीण बड़ी संख्या में कलेक्टर से मिलने पहुंचे थे। यहां उन्होंने गांव में शराब दुकान खोलने की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी की। उनका कहना था कि आबकारी विभाग द्वारा शराब दुकान खोलने के लिए सारी प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है, लेकिन अब तक नहीं खोली गई है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में शासकीय शराब दुकान नहीं होने से लोग महुआ शराब का सेवन कर रहे हैं, जिससे सेहत को भी नुकसान हो रहा है। ग्रामीणों ने जनहित को ध्यान में रखते हुए गांव में तत्काल शराब दुकान खोलने की मांग की।

### पटाखे से झुलसे दो बच्चे, सिम्स में भर्ती



**बिलासपुर।** मोहल्ले में पटाखे चलाने के दौरान हादसा होने से दो मासूम बच्चे घायल हो गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए सिम्स में भर्ती किया गया है। जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। 2 साल के मासूम को काफी चोट आई है। कोटा शांतिपुर धुमा निवासी संतोषी ने बताया कि वह मजदूरी करती है, 15 नवंबर को उसके बच्चे 2 साल का बेटा प्रियांश और 7 साल की लड़की माही घर मे पास खेल रहे हैं। मोहल्ले के कुछ बच्चों ने दोपहर 12 बजे पटाखा फोड़ना शुरू कर दिया, बच्चे संभल पाते इससे पहले ही वे पटाखों की चपेट में आकर झुलस गए। प्राथमिक उपचार के बाद सोमवार को दोनों बच्चों को सिम्स में भर्ती किया गया है, जहां उन्हें गहन चिकित्सा कक्ष में रखा गया है। बच्चों की हालत स्थिर है।

### स्वास्थ्य संयोजक भर्ती के मॉडल आंसर जारी

**बिलासपुर।** व्यापमं ने ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पुरुष एवं महिला पदों की भर्ती परीक्षा के प्रश्न पत्र के मॉडल उत्तर जारी कर दिए हैं। अभ्यर्थी व्यापमं की वेबसाइट पर उत्तर देख सकते हैं। परीक्षा के दौरान खुद के द्वारा दिए गए उत्तरों से खुद का मूल्यांकन कर सकेंगे। अभ्यर्थी मॉडल उत्तरों पर प्रमाण के साथ 19 नवंबर शाम 3 बजे तक दावा आपत्ति कर सकते हैं। दावा आपत्ति के लिए अभ्यर्थियों को व्यापमं प्रोफाइल में पंजीकृत मोबाइल नंबर एवं पासवर्ड के साथ लॉग इन करना होगा।

**1333 क्विंटल धान की खरीदी : एसीएस मनोज पिंगुआ ने किया औचक निरीक्षण**

# 140 धान खरीदी केंद्रों में से 28 खुले, बोहनी केवल सात में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

धान खरीदी के लिए स्थापित जिले के 140 उपार्जन केंद्रों में से सोमवार को केवल 28 केंद्र ही खोले जा सके। इनमें भी धान की खरीदी केवल सात केंद्रों में ही की जा सकी। कड़ार, गनियारी, जैतपुर, जयराम नगर, मल्हार, मानिकचौरी एवं सेन्दरी सहकारी समितियों को मिलाकर कुल 1 हजार 333 क्विंटल धान की खरीदी की गई। एसीएस मनोज पिंगुआ द्वारा तीन खरीदी केंद्रों छतौना, बोदरी एवं कड़ार का निरीक्षण भी किया गया।

सहकारी समितयों में समर्थन मूल्य पर धान की विधिवत खरीदी की शुरूआत सोमवार से हो गई। शुरूआती दौर में धान की आवक काफी कम है। सोमवार को 140 में से केवल सात समितियों में ही धान खरीदी की जा सकी। समितयों में फिलहाल ऐसे किसान धान बेचने पहुंच रहे हैं, जिन्होंने महामाया जैसी धान की 90 दिनों में पकने वाली वेरायटी ली है। लेट वेरायटी वाली किस्में लेने वाले किसानों की बड़ी संख्या दिसंबर महीने से समितियों में नजर आएगी। धान खरीदी का औचक निरीक्षण करने सोमवार को एसीएस मनोज पिंगुआ भी पहुंचे थे। इन्होंने बिल्हा क्षेत्र की तीन समितियों का निरीक्षण किया। उन्होंने राज्य शासन के निर्देशानुसार खरीदी कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए व चेकलिस्ट के अनुरूप उपलब्ध सुविधाओं का निरीक्षण किया।



**खरीदी कार्य में तेजी लाने के निर्देश**



ग्राम कड़ार में धान खरीदी की शुरुआत करते विधायक धरमलाल कौशिक।

### 112 केंद्रों में तालेबंदी?

जिले के 140 में से सोमवार को केवल 28 खरीदी केंद्र ही खुले रहे। जबकि सारे उपार्जन केंद्रों को खुला होना था। सोमवार 17 नवंबर से धान खरीदी की विधिवत शुरूआत हो चुकी है, जिससे सभी 140 उपार्जन केंद्रों में खरीदी के लिए कर्मचारियों की उपस्थिति होनी चाहिए थी। एक ओर प्रशासन द्वारा कर्मचारियों की वैकल्पिक व्यवस्था करने व खरीदी प्रभावित नहीं होने का दावा किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर प्रशासन ही सोमवार को केवल 28 केंद्रों के खुले होने की जानकारी दे रहा है।

### 85 केंद्रों में प्रभारी पहुंचे लेकिन वापसी लिखित में नहीं

सोमवार को मार्कफेड के द्वारा बारदाने की व्यवस्था कराई गई थी। इस दौरान बारदाना उतरवाने जिले के 85 खरीदी केंद्रों में सहकारी समितियों के हड़ताली खरीदी प्रभारी उपस्थित तो थे, लेकिन किसी ने भी संचालक मंडल के अध्यक्ष को अपनी कार्य पर वापसी का लिखित में दस्तावेज नहीं दिया। ऐसे में वे मौके पर तो मौजूद नजर आए, लेकिन अपने संगठन की नजर में अब भी हड़ताली ही कहला रहे हैं।

### फूड इंस्पेक्टर खरीदी प्रभारी, पटवारी नोडल

सहकारी समितियों के कर्मचारियों एवं ऑपरेटरों की हड़ताल के कारण धान खरीदी करने वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में फूड इंस्पेक्टरों, सहकारिता निरीक्षकों, पटवारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों एवं बैंक सुपरवाईजरों को लगाया गया है। दिक्कत यह है कि जारी की गई कर्मचारियों की सूची में फूड इंस्पेक्टरों को खरीदी प्रभारी बनाया गया है व पटवारी व ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को उनके ऊपर बैठाते हुए नोडल अधिकारी बना दिया गया है, जबकि पद के हिसाब से फूड इंस्पेक्टर ऊपर हैं। सूची को लेकर उनमें बड़ा असंतोष देखा जा रहा है।

### प्रभारियों की हो रही वापसी

खरीदी केंद्रो में प्रभारियों की वापसी हो रही है। सोमवार को 85 समितियों में प्रभारियों ने उपस्थित रहकर बारदाना भी उतरवाया है, लेकिन किसी ने भी संचालक मंडल के अध्यक्ष को हड़ताल से वापसी के संबंध में लिखित में नहीं दिया है। अनुपस्थित पांच प्रभारियों को बर्खास्त करने के लिए कहा गया है।

- **चंद्रशेखर जायसवाल,** उपायुक्त सहकारिता विभाग

# लालखदान रेल हादसा : मेमू की महिला सहायक चालक सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

लालखदान रेल हादसा मामले में सीआरएस की जांच पूरी होने तक मेमू लोकल की महिला असिस्टेंट लोको पायलट रश्मि राज को सस्पेंशन में रखा गया है, उनका वर्तमान में हास्पिटल में उपचार चल रहा है।

13 दिन पहले गतौरा से बिलासपुर की ओर आ रही कोरबा-बिलासपुर लोकल मेमू लालखदान चौकसे कॉलेज के पीछे अप लाइन पर खड़ी मालगाड़ी से टकरा गई थी। लोकल की मालगाड़ी से जबरदस्त टक्कर के कारण ब्रेक यान और इंजन में दबने से चालक सहित 12 यात्रियों की मौत हो गई और 20 से अधिक यात्री घायल हो गए थे। इन घायलों में लोकल ट्रेन के इंजन में मृत चालक के साथ सहायक लोको पायलट रश्मि राज भी मौजूद थी, जिसे गंभीर और बेहोशी की हालत में अपोलो हास्पिटल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया था। मामले की जांच की जिम्मेदारी रेल सेफ्टी कमिश्नर बीके मिश्रा को रेलवे बोर्ड ने दी थी। बोर्ड के आदेश पर सीआरएस ने मौके पर जाकर क्षतिग्रस्त मेमू के कोच के अलावा लाइन का निरीक्षण किया, जिसके उपरांत बिलासपुर रेल मंडल में इलेक्ट्रिकल ओपी, आपरेटिंग, एसएंडटी सहित अन्य विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को बुलाकर तीन दिन तक पूछताछ की। इस पूछताछ में रेलवे के अलावा बाहरी व्यक्ति भी बुलाए गए थे। सीआरएस की जांच से पहले बिलासपुर डिवीजन की चार अधिकारियों की टीम ने जांच के दौरान मृत चालक को ही दोषी माना, जिसके साथ सहायक के रूप में शामिल महिला असिस्टेंट लोको पायलट को भी रिपोर्ट के आधार पर तत्काल सस्पेंड कर दिया गया। इसकी जानकारी घायल महिला सहायक चालक रश्मि राज को भी नहीं थी। इसका कारण था कि वे बेहोशी की हालत में अपोलो हास्पिटल में उपचार करा रही थीं। अधिकारियों का कहना है कि सीआरएस बीके मिश्रा जांच पूरी करने के बाद वापस हो चुके हैं, जिनके रिपोर्ट मिलने तक महिला सहायक चालक को नियम के अनुसार सस्पेंशन में रखा गया है। उनकी रिपोर्ट मिलने और पूछताछ के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### अलग-अलग चर्चा

सीआरएस की रिपोर्ट अब तक बिलासपुर जोन और डिवीजन के अधिकारियों को नहीं मिल सकी है। वहीं महिला सहायक चालक रश्मि राज के बारे में रेलवे क्षेत्र के कर्मचारी-अधिकारियों ने अपने-अपने स्तर पर बातचीत करना शुरु कर दिया है। कुछ का कहना है कि महिला सहायक चालक रश्मि राज का बयान हो चुका है, जिसमें उनकी ओर से पूछताछ में बताया गया है कि लालखदान मोड़ के पास से जब ट्रेन आगे बढ़ी तो उस समय सामने सूर्य की चमक के कारण उन्हें सिग्नल नहीं दिखाई दिया। इसके बाद जब गाड़ी मालगाड़ी के करीब पहुंची तो वे बेहोश हो गई थीं। वहीं अधिकारियों का कहना है कि महिला सहायक चालक अभी भी रेलवे हास्पिटल में भर्ती हैं, बयान उनके ठीक होने के बाद ही लिया जाएगा।

# ट्रांसपोर्ट व्यवसाय के नाम पर करोड़ों की ठगी, पीड़ितों ने आरोपी को पकड़ा

**बिलासपुर।** ट्रांसपोर्ट व्यवसाय के नाम पर 50 से अधिक लोगों से करोड़ों रुपए की ठगी करने वाले आरोपी को पीड़ितों खोज निकाला और उसे पकड़कर सरकण्डा पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है।

राजिकशोर नगर बृज विहार निवासी सुबर्नो घोषाल ने बैंक फाइनेंस एजेंटो और परिवहन विभाग के कर्मचारियों की सांठगाठ से शहर सहित आपासास क्षेत्र के 50 से अधिक लोगों के नाम से वाहनों को फाइनेंस कराया था, लेकिन लंबे समय से वाहनों की ईएमआई भुगतान नहीं होने पर बैंक ने सीजिंग कर ली है। पीड़ित आनिंदो मुखर्जी ने बताया आनलाइन के साथ ही चेक के माध्यम से लेनदेन किया गया है। वे 65 लाख रुपए आरोपी को दे चुके हैं। एक पीड़ित ने बताया, फर्जी बैंक गारंटर बनाया गया है, जबकि उसने आज तक उसे देखा नहीं है। पीड़ितों में आरोपी के पहचान के लोग शामिल है, जिसमें एसईसीएल, बैंक, पावरग्रिड वाहन चालक, आटो चालक हैं। पीड़ित सिरगिट्टी थाने में रिपोर्ट लिखाने गए तो उन्हें गैर संज्ञेय अपराध बताते हुए फैना दे दिया गया था। इसी तरह सरकण्डा थाने में भी पीड़ितों ने शिकायत की थी। उस दौरान भी पीड़ितों को फैना थमा दिया गया था। पुलिस से सहायता नहीं मिलने पर पीड़ित आरोपी की तलाश कर रहे थे। सोमवार को पीड़ितों ने आरोपी सुबर्नो घोषाल को पकड़कर सरकण्डा पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस पीड़ितों से पूछताछ कर एफआईआर दर्ज करने की तैयारी में लग गई है।

### पीड़ितों ने पकड़ा

ट्रांसपोर्ट व्यवसाय के नाम पर बड़ी संख्या में लोगों से सुबर्नो घोषाल के द्वारा करोड़ों रुपए का लेनदेन किया गया है। पीड़ितों के द्वारा उसे पकड़कर सकरण्डा पुलिस के हवाले किया है। पीड़ितों से पूछताछ करने के बाद एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया गया है।

– **निमितेश सिंह परिहार** सीएसपी

# कड़ी सुरक्षा के बीच सुनवाई, कथावाचक को मिली जमानत

**बिलासपुर।** कड़ी सुरक्षा के बीच कोर्ट में कथावाचक की जमानत पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी है।

पिछले दिनों तखतपुर टिकरीपारा में चल रहे श्रीमद भागवत कथा महापुराण में कथावाचक आशुतोष चैतन्य महाराज ने एक समाज को लेकर आपत्तिजनक बातें कह दी थी। समाज के द्वारा विरोध प्रर्दशन करने पर कथावाचक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया था। शनिवार को पुलिस ने कथावाचक को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। इस दौरान एक समाज के लोगों के द्वारा कोर्ट परिसर में जमकर हंगामा मचाते हुए झूमाझटकी की गई थी। उसके बाद कथावाचक को जेल भेज दिया गया था। सोमवार को कथावाचक के जमानत अर्जी पर विशेष एक्ट्रोसिटी कोर्ट में सुनवाई होनी थी। सुरक्षा की दृष्टि से कोर्ट परिसर में पुलिस बल तैनात किया गया था। मुख्यद्वारा में तैनात पुलिसकर्मी कोर्ट के अंदर जाने वाले लोगों से पूछताछ करने के बाद अंदर प्रवेश दे रहे थे। देर शाम कोर्ट ने जमानत अर्जी सुनवाई करते हुए कथावाचक आशुतोष चैतन्य को जमानत दे दी है। वहीं उन्हें सार्वजनिक स्थल पर ऐसी टिप्पणी करने से बचने की हिदायत दी गई है।






### युवती से छेड़खानी पुजारी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** युवती से छेड़खानी करने वाले पुजारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन टीआई एसआर साहू ने बताया, राजकिशोरनगर नंदन शुक्ला पिता जयशंकर प्रसाद पूजा पाठ करते हैं। पूजा पाठ के दौरान उनका एक युवती से जान पहचान हो गई थी। दोनों मोबाइल में बातचीत कर रहे थे। इसी बीच पुजारी ने युवती से अश्लील बाते करने लगा। युवती ने बात करना बंद कर दिया। रविवार को युवती काम से अग्रसेन चौक विशा मेगा मार्ट के पास आई थी। इसी दौरान पुजारी युवती से छेड़खानी करने लगा। पुलिस ने युवती की रिपोर्ट पर पुजारी को गिरफ्तार कर लिया है।




## खबर संक्षेप

### प्राण प्रतिष्ठा में पहुंचे कांग्रेस नेता समाज के अध्यक्ष त्रिलोक



**बिलासपुर।** श्रीवास भवन बिलासपुर में शिव जी, हनुमान जी, श्री श्री 1008 सेन जी महराज की मंदिर का निर्माण एवं स्व बलदाऊ प्रसाद श्रीवास रहगी वाले की स्मृति में अतिरिक्त कक्ष का गृह प्रवेश किया गया। पंडित अशोक महाराज, अभिषेक महाराज नेवरा वाले के द्वारा विधिवत पूजा कराई गई। मुख्य यजमान राजकुमारी श्रीवास, रोशन श्रीवास, सहेतर श्रीवास, मोहन श्रीवास, चंदा श्रीवास, दीपक कोरबा द्वारा श्री शिव जी, श्री सेन जी महराज एवं बजरंग बली की मूर्ति अपने ओर से दान दिया गया। इस अवसर पर समाज के संभागीय अध्यक्ष सुरेंद्र श्रीवास, उपाध्यक्ष लक्ष्मी श्रीवास, सचिव चंद्रमणि श्रीवास, कोषाध्यक्ष संतोष श्रीवास, सह कोषाध्यक्ष बसंत श्रीवास, सह सचिव सुमित श्रीवास, महिला महिला प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ, वरिष्ठजन, सभी इकाई से समाज के लोग उपस्थित थे।

### डीएवी स्कूल में मनाया गया बाल दिवस, बच्चों ने दी प्रस्तुति



**बिलासपुर।** डीएवी में बाल दिवस 15 नवम्बर को बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। चाचा नेहरू के सिद्धांतों को याद करते हुए विद्यालय ने संदेश दिया उनके रास्ते पर चलते हुए अपने अंदर के बच्चे को सदैव जीवित रखें। इस दौरान मां-बच्चे की जोड़ियों ने भारत के विभिन्न राज्यों की संस्कृति, परंपरा और वेशभूषा को मनमोहक अंदाज़ में मंच पर प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का मूल्यांकन सुश्री परमजीत कौर और सुश्री रीमी सिन्हा द्वारा किया गया। इस दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां अंशिका पांडे, अंकिता पांडे, ग्रेसिका धिवार, क्षमा देवी, याशिका एवं यशनक साहू, मीना साहूकृत्विक प्रजापति, लीला प्रजापति, सत्तविक साहू, भाग्यलक्ष्मी साहू,विरांश मौर्या, पुष्पलता मौर्या, विहान साहू , आद्रित सिन्हा व शुभोलिना सिंघो रॉय, एम.डी. रुषन व रेजिना सुल्ताना, प्रियंका मोडक नित्या साहू व रुपाली साहू, नेहा छाबड़ा,श्रुति सिंह व अभ्यांश सिंह, प्रभा देवांगन आदि ने प्रस्तुति दी। पूरे कार्यक्रम ने विद्यालय में राष्ट्रीय एकता, मातृ-स्नेह और सांस्कृतिक विविधता की सुंदर मिसाल पेश की। बाल दिवस हर्ष और यादगार पलों को सभी ने सजोकर कार्यक्रम का समापन किया।

### उद्यमिता और स्वरोजगार पर उन्मुखीकरण पर कार्यशाला



**बिलासपुर।** ग्रामीण प्रौद्योगिकी एवं सामाजिक विकास विभाग, सीयू वाणिज्य और उद्योग विभाग एबं भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान के माध्यम से उद्यमिता और स्वरोजगार पर उन्मुखीकरण पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें प्रतिभागियों को उद्यमिता, वयवसाय योजना निर्माण, विपडन रणनीतिया, वित्तीय प्रबंधन एवं शासकीय योजनावों की जानकारी दी गई । प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को उद्यमिता, व्यवसाय योजना निर्माण, विपणन रणनीतियाँ, वित्तीय प्रबंधन एवं शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई। वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के सचिव रजत कुमार "मेक इन इंडिया" पहल को गति देने कार्य कर रहे हैं, वहीं डॉ. सुनील शुक्ला उद्यमिता को करियर विकल्प के रूप में अपनाने प्रेरित कर रहे हैं। ईडीसी छत्तीसगढ़ टीम, डॉ. अमित कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में, छत्तीसगढ़ राज्य में उद्यमी पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस कार्यक्रम में 55 युवक एवं युवतीयां शामिल हुए थे। जिसमे डॉ. प्रसुन्न सोनी, डॉ. देवेन्द्र कुमार पोर्ते जिन्होंने उद्यमिता से जुडी हुई जानकारीया साझा की। खीरसागर पटेल , राहुल कुमार पटेल, शुभम कुमार सिंह, शुभम वर्मा, असीना ने भी अपना सहयोग दिया।

### सिरगिट्टी रावत नाच में सिलपहरी प्रथम, बसिया द्वितीय



**बिलासपुर।** रावत नृत्य महोत्सव समिति एवं यादव समाज सिरगिट्टी द्वारा रावत नृत्य महोत्सव का भव्य आयोजन रविवार को खेल मैदान, बन्नाक चौक सिरगिट्टी में विधायक धरम लाल कौशिक के मुख्य आतिथ्य में तथा डॉ सोमनाथ यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। महोत्सव में विशिष्ट अतिथि पूर्व अध्यक्ष कृषि उपज मंडी राजेंद्र शुक्ला , अमित यादव, सुभाष सिंह परते, पुष्पेंद्र साहू पार्षद, विजय सिंह मरावी पार्षद, सूरज मरकाम पूर्व पार्षद,डा राजेश यादव, राकेश यादव, अविनाश यादव आदि शामिल उपस्थित रहे।रावत नृत्य महोत्सव सिरगिट्टी द्वारा आयोजित इस रावत शौर्य नृत्य महोत्सव में प्रथम स्थान पर ग्राम सिलपहरी का रावत नर्तक दल रहा। जिसे नकद 21 हजार रुपए एवं सुपर कप प्रदान किया गया। द्वितीय ग्राम बसिया दल, तृतीय ग्राम भरनी दल, चतुर्थ ग्राम परसदा रावत दल एवं पंचम स्थान खमतराई रावत नर्तक दल को नकद राशि और सुपर कप दिया गया। महोत्सव को सफल बनाने में संजय यादव, रिक्की यादव, मनोज यादव, गौरव यादव, मोन्टी यादव, प्रभात यादव, मनीष यादव, सोम यादव पुष्पेंद्र साहू,सुरज मरकाम, लक्ष्मी साहू का सहयोग रहा। इस दौरान शहर आसपास के ग्रामीणों की भीड़ लगी रही।

**पूर्व राष्ट्रपति कोविंद होंगे मुख्य अतिथि** | **4 दिसंबर को होगा एयू का छठवां दीक्षांत समारोह**

# अटल यूनिवर्सिटी ने दीक्षांत समारोह के लिए जारी की मेरिट लिस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अटल यूनिवर्सिटी का छठवां दीक्षांत समारोह तय हो गया है और दीक्षांत समारोह के मद्देनजर यूनिवर्सिटी ने छात्र-छात्राओं संभावित मेरिट लिस्ट जारी कर दी है। दीक्षांत समारोह 4 दिसंबर को होगा, जिसमें देश के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद मुख्य अतिथि होंगे।



इसके साथ ही अटल यूनिवर्सिटी में छठवें दीक्षांत समारोह की तैयारी शुरू हो गई है। यूनिवर्सिटी के कुलपति आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी ने दीक्षांत समारोह की तैयारी की समीक्षा करते हुए कहा कि यूनिवर्सिटी प्रशासन उत्कृष्ट एवं गरिमामय आयोजन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने यूनिवर्सिटी के अधिकारियों को समयबद्ध और सुव्यवस्थित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। रजिस्ट्रार डॉ. तारणीश गौतम दीक्षांत समारोह की प्रशासनिक जिम्मेदारी और आयोजन की तैयारी में लगे हुए हैं। वहीं परीक्षा नियंत्रक डॉ. तरूणधर दीवान द्वारा शैक्षणिक एवं परीक्षा संबंधी कार्यो के साथ ही संभावित मेरिट सूची के प्रकाशन से लेकर दावा-आपत्ति के निराकरण और अंतिम मेरिट सूची जारी करने तक की संपूर्ण प्रक्रिया को निपटाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि परीक्षा विभाग द्वारा संभावित मेरिट सूची जारी की गई है जिसपर 15 दिन के अंदर दावा-आपत्ति करने का समय दिया गया था। यूनिवर्सिटी का छठवां दीक्षांत समारोह 4 दिसंबर को निर्धारित है, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद शामिल होंगे। पूर्व राष्ट्रपति से सहमति मिलने के बाद यूनिवर्सिटी द्वारा दीक्षांत समारोह की तिथि निर्धारित की गई है।

### राज्यपाल व सुप्रीम कोर्ट के जज पूर्व दीक्षांत समारोह में हुए थे शामिल

अटल यूनिवर्सिटी के पिछले दीक्षांत समारोह में सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस प्रशांत मिश्रा अतिथि के रूप में शामिल हुए थे। इसी तरह कुलाधिपति राज्यपाल रमेन डेका एवं पूर्व राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन, पूर्व राज्यपाल अनुसुईया उईके, पूर्व राज्यपाल शेखर दत्त भी दीक्षांत समारोह में अतिथि के रूप में शामिल हो चुके हैं। इसके अलावा जनप्रतिनिधि और शिक्षाविद भी शामिल होते रहे हैं। इस बार देश के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद अटल यूनिवर्सिटी के मुख्य अतिथि होंगे इसलिए यूनिवर्सिटी में पूर्व राष्ट्रपति के गरिमा के अनुरूप दीक्षांत समारोह की तैयारी चल रही है।

**नौ हजार स्मार्ट क्लासेस शुरू करने व 22 हजार कंप्यूटर खरीदने की योजना**

# 25 सालों में 800 करोड़ खर्च, बच्चे न कंप्यूटर सीख पाए न स्मार्ट क्लास में पढ़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ बनने के बाद से साल 2023 तक कंप्यूटर शिक्षा पर चार अलग-अलग योजनाओं के नाम पर लगभग 800 करोड़ रुपए खर्च कर डाले, लेकिन न तो बच्चे कंप्यूटर सीख पाए और न ही स्मार्ट क्लास में पढ़ पाए।

- **सिर्फ 26 फीसदी मिडिल स्कूलों में ही सुविधा**

ऐसा क्यों हुआ इसकी कोई जांच नहीं की गई और एक बार फिर नौ हजार स्मार्ट क्लासेस शुरू करने तथा 22 हजार से ज्यादा कंप्यूटर खरीदने की प्लानिंग की जा रही है। इसके साथ ही आंकड़ों में देखा जाए तो प्रदेश के 40 फीसदी ही हायर सेकंडरी स्कूलों में कंप्यूटर की सुविधा है, जबकि यह आंकड़े मिडिल स्कूलों में और भी खराब हैं।

गौरतलब है कि हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों को बेसिक जानकारी देने के नाम पर कंप्यूटर शिक्षा के नाम पर कई कार्यक्रम चलाए गए। बड़े पैमाने पर कंप्यूटर भी खरीदे गए। कभी भी लेकिन इसकी जाँच नहीं हुई। कि इन कार्यक्रमों से बच्चों ने कंप्यूटर में क्या चीजें सीखीं। इसके अलावा स्कूली बच्चों की मार्कशीट में इसका भी उल्लेख नहीं है कि उन्हें कंप्यूटर में क्या सिखाया गया।

### अभी तक इन योजनाओं पर खर्च हुए करोड़ों

- 2001: इंदिरा सूचना शक्ति 15 अगस्त 2001 में इंदिरा सूचना शक्ति योजना प्रदेश के करीब तीन सौ से ज्यादा गर्ल्स हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों में शुरू की गई। इसका संचालन एक निजी कंपनी को सौंपा गया। कंपनी को प्रति छात्रा 52 रुपए के हिसाब से करीब 4 करोड़ खर्च किए गए। इसमें छात्राओं को बेसिक जानकारी दी गई।
- 2005: छग सूचना शक्ति दो साल बाद 2005 में करीब 300 करोड़ की छत्तीसगढ़ सूचना शक्ति योजना लांच की गई। एक स्कूल में 10 कंप्यूटर-टेबल के साथ एक टीचर की नियुक्ति की गई। करीब चार सौ स्कूलों में इसे चालू किया गया। रायपुर में 197 स्कूलों में इसे लांच किया गया। पांच साल योजना चली।
- 2011: छग सूचना शक्ति-2 2011-12 में फिर हाई और हायर सेकेंडरी की छात्राओं के लिए छत्तीसगढ़ सूचना शक्ति योजना प्रोफेशनल कोर्स के तौर पर लांच की गई। करीब 553 स्कूलों में इसे लागू किया गया। इस पर साढ़े चार सौ करोड़ खर्च किए गए। इस बार कंप्यूटर लैब का नाम दिया गया। योजना 2017-18 में खत्म हुई।
- 2023: स्मार्ट क्लास पर खर्च हुए 60 करोड़ रुपए समग्र शिक्षा के माध्यम से प्रदेश के साढ़े तीन हजार से ज्यादा स्कूलों में स्मार्ट क्लास लांच किया गया। इसके माध्यम से प्रोजेक्टर लगाकर लैपटॉप से बच्चों को हाईटेक शिक्षा देनी थी। इसके लिए प्रदेश के 24 सौ स्कूलों का चयन कर लैपटॉप खरीदे गए।

### 9 हजार स्मार्ट क्लास और 22 हजार कम्प्यूटर लगाए जाएंगे



एक योजना के तहत लैपटॉप स्कूलों में भेजे भी गए लेकिन क्या पढ़ाना है यह नहीं बताया गया। स्कूल प्रबंधन से कहा गया था कि लैपटॉप मिलने के बाद उसमें स्टडी मटेरियल अपलोड कराया जाएगा लेकिन बाद में कुछ नहीं हुआ। अब कहा जा रहा है कि नई योजना के तहत स्मार्ट क्लास से विद्यार्थी डिजिटल कंटेंट, ई-लर्निंग मॉड्यूल, वीडियो लेक्चर और इंटरेक्टिव पढ़ाई का अनुभव प्राप्त कर सकेंगे। इससे कठिन विषयों को सरल और रोचक तरीके से समझना आसान होगा। वहीं 22 हजार कंप्यूटरों की उपलब्धता से विद्यार्थियों को कंप्यूटर शिक्षा, इंटरनेट से जुड़ाव और डिजिटल स्किल विकसित करने का अवसर मिलेगा।

### पढ़ाई तो दूर कंप्यूटर का ज्ञान भी नहीं मिला

देखा जाए तो कंप्यूटरीकृत शिक्षा का हाल बेहाल है। प्रदेश के सिर्फ 40 फीसदी हायर सेकंडरीस्कूलों में ही कंप्यूटर की सुविधा है। रिपोर्ट के अनुसार मिडिल स्कूलों में सिर्फ 26 फीसदी स्कूलों में ही कंप्यूटर की सुविधा है। वहीं, प्रदेश सरकार की तरफ से आधुनिक पढ़ाई के लिए आईसीटी समेत मॉडल स्कूल जैसी कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिनमें हर वर्ष करोड़ों रुपए फूंके जा रहे हैं। इसके बावजूद स्कूलों में बच्चों को आधुनिक तरीके से पढ़ाई तो दूर कंप्यूटर का ज्ञान भी नहीं मिल पा रहा है। जिसकी वजह से बच्चों को कंप्यूटर के लिए अलग से कक्षाएं लेनी पड़ रही हैं।

### स्टूडेंट्स की समस्या होगी दूर

पुरानी योजनाओं के बारे में अधिक जानकारी नहीं दे पाएंगे। नई योजना के तहत स्मार्ट क्लास से विद्यार्थी डिजिटल कंटेंट, ई-लर्निंग मॉड्यूल, वीडियो लेक्चर और इंटरेक्टिव पढ़ाई का अनुभव प्राप्त कर सकेंगे। इससे कठिन विषयों को सरल और रोचक तरीके से समझना आसान होगा। वहीं कंप्यूटरों की उपलब्धता से विद्यार्थियों को कंप्यूटर शिक्षा, इंटरनेट से जुड़ाव और डिजिटल स्किल विकसित करने का अवसर मिलेगा।

**- आरपी आदित्य,** ज्वाइंट डायरेक्टर, शिक्षा विभाग

**बिजली बिल बकाया पहुंचा 300 करोड़**

# निजी उपभोक्ताओं से 46 करोड़ की होगी वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिजली बकायादार विभाग के लिए सिरदर्द बन चुके है। सिटी सर्किल में बकाया बिजली की राशि 300 करोड़ रूपए के पार हो चुकी है। इसमें से 256 करोड़ रूपए महज सरकारी कार्यालय के है, वहीं 46 करोड़ रूपए निजी उपभोक्ताओं से वसूल किए जाने हैं। अधिकारियों की माने तो हर साल सरकारी कार्यालय से एकमुश्त राशि प्राप्त हो जाती है, लेकिन निजी उपभोक्ताओं से बकाया वसूलने में अधिकारियों के पसीने छूट रहे हैं।

- **बड़े बकायादारों पर हाथ डालने से बच रहे अधिकारी**

सिटी सर्किल के अंतर्गत बिजली बकाया की राशि बढ़कर 300 करोड़ से अधिक हो चुकी है, विद्युत विभाग इस राशि की वसूली के लिए जनवरी से प्रयास कर रहा है, लेकिन हर माह महज 5 करोड़ के आसपास ही वसूली हो रही है, जबकि बकाया राशि काफी ज्यादा है। यह हाल तब है जब निजी उपभोक्ताओं को साल में 8 माह तक बिजली हाफ योजना का फायदा मिला है। इसके बावजूद राशि की वसूली नहीं हो सकती है। जानकारी के अनुसार सर्किट में सरकारी कार्यालय से 256 करोड़ 40 लाख रूपए की वसूली की जानी है, वहीं निजी उपभोक्ताओं पर 45 करोड़ 86 लाख रूपए रूपए बकाया है। विभाग ने सभी जोन अधिकारियों को फील्ड में रहकर राशि की वसूली करने और डिफाल्टरों के बिजली कनेक्शन काटने का आदेश दिया है, लेकिन रसूखदारों पर कार्रवाई के बजाए अधिकारी कार्यालय में बैठ समय गुजार रहे हैं।

### सरकारी दफ्तरों में से भी वसूली नहीं

हर साल मार्च से पहले सरकारी दफ्तरों से बिजली बिल की वसूली हो जाती है, लेकिन इस साल भी कई ऐसे विभाग ने जिन्होंने महज आधा बिजली बिल ही भुगतान किया है। ऐसे में एरियर्स की राशि लगातार बढ़ रही है। नगर निगम, पीएचई, आदिवासी छात्रावास, रेलवे, कृषि, जलसंसाधन विभाग जैसे विभाग बिजली विभाग के बकायादारों में शामिल है।

### काटे जाएंगे कनेक्शन

सरकारी कार्यालय से बिजली बिल की समस्या नहीं होती है, फंड के हिसाब से उनका देर से ही सही लेकिन भुगतान हो जाता है। निजी उपभोक्ताओं के लिए बिजली अधिकारियों को वसूली के निर्देश दिए हैं। इस दौरान कनेक्शन काटने के आदेश भी जारी किए गए हैं।

**-एके अम्बस्ट,** चीफ इंजीनियर, विद्युत विभाग

# तेलुगु महासंगम की महिलाओं ने मनाया कार्तिक दीपोत्सव



**बिलासपुर।** आज छत्तीसगढ़ तेलुगु महासंगम द्वारा कार्तिक दीपोत्सव मनाया। इस अवसर पर रामलीला मैदान स्थित श्री कोदंडा रामालयम मंदिर, रेलवे परिक्षेत्र में सुहागिन महिलाओं ने मैदान परिसर में विभिन्न प्रकार की आकर्षक रंगोलियाँ सजाईं।

मुख्य अतिथि श्रीनिवास पटनायक, महापौर पूजा विधानी, छत्तीसगढ़ तेलुगु महासंगम के संरक्षक वी रामा राव ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । उपस्थित लगभग 756 भक्तों ने 2500 दीपो प्रज्ज्वलित किया। यह दृश्य अत्यंत मनमोहक एवं देखने योग्य था। सुहागिन महिलाओं को फलदान वी. रामा राव एवं उनके दंपत्ति द्वारा वितरित किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान को उपहार दिया गया। इसे सफल बनाने में उपाध्यक्ष बी. वेणुगोपाल राव, सचिव आर. मनोरथ बाबू, एन. रमना मूर्ति, सी. नवीन कुमार, पी. श्रीनिवास राव, जी. काशी राव, सी. श्रीनिवास राव, टी. रमेश बाबू, एन. लोकेश, यू. मुरली राव, पी. चंद्रबाबू, आर. राम कुमार, डी. गणेश, ए. के. नायडू, आर. प्रसाद राव, आर. श्रीनिवास राव, मुरली, योगेश, एम. गणेश राव, टी. रमेश, जी. रमेश चंद्रा, एस. वी. रमना, टी. कृष्णा राव, एस. सत्यनारायण, साबर राजू, ए. वेंकटेश्वर राव आदि का सहयोग रहा।

# तवांग यात्रा पर निकले भारत तिब्बत सहयोग मंच के स्वयंसेवक




**बिलासपुर।** भारत तिब्बत सहयोग मंच के स्वयंसेवकों का जत्था आज अरुणाचल प्रदेश के तवांग के लिए रवाना हुआ। यह दल गोवहाटी में कामाख्या मंदिर का दर्शन कर 19 नवम्बर को अरुणाचल प्रदेश के लिए प्रस्थान करेंगे। जो भूटान बॉर्डर दाइरॉग, तवांग से होकर चाइना बॉर्डर बोमडीला ओर तेजपुर की यात्रा करेंगे। भारत तिब्बत सहयोग मंच के प्रदेश महामंत्री दिलेन्द्र कौशिल ने बताया कि यह यात्रा विगत चौदह वर्ष से अनवरत चल रही है, जिसका उद्देश्य कैलाश मानसरोवर और तिब्बत को चीनी कब्जे से मुक्त कराने देश भर के एक वातावरण का निर्माण करना है। इस वर्ष देश के अलग अलग भागों से लगभग 400 स्वयंसेवकों का जत्था इस यात्रा में शामिल हो रहा है। जिसमे छत्तीसगढ़ से 22 लोग यात्रा में सहभागी बने हैं। श्री कौशिल ने बताया कि भारत तिब्बत सहयोग मंच राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की एक अनुसांगिक संगठन है जिसका गठन सन 1999 में किया गया था। इस यात्रा में बड़ी संख्या में बिलासपुर से वन्देमातरम मित्र मण्डल के सदस्य भी शामिल है। जिनमें महेंद्र जैन, राजीव नयन शर्मा, प्रणव समदरिया, कुंदन धर दीवान, आदित्य पाण्डेय, नागेश्वर वस्त्रकार, रामकुमार वस्त्रकार, दिनेश जैन, राम प्रकाश लाल शामिल हैं।

# प्रथम एजुकेशन के छात्रों को अटल ने दिए नियुक्ति पत्र



**बिलासपुर।** आज प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा संचालित प्रथम स्किलिंग ट्रेनिंग सेंटर बिलासपुर में ट्रेनिंग उपरांत चयनित छात्र - छात्राओं को कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव द्वारा नियुक्ति प्रमाण पत्र वितरण किया गया।

श्री श्रीवास्तव ने चयनित छात्र - छात्राओं से मिलकर एवं संस्था द्वारा संचलित विभिन्न ट्रेनिंग प्रोग्राम के बारे में जानकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने संस्था को अपनी शुभकामनायें दीं एवं भविष्य में यथासंभव सहयोग करने का भी आश्वासन दिया। छात्र - छात्राओं का प्लेसमेंट एमआरएफ मैन्युफैक्चरिंग (भरुच ), टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स( बैंगलोर), होटल रॉयल कैसेल ( रायपुर ), बिलासपुर आदि जगहों के लिए हुआ है। इसी तरह यूथ हॉस्टल एसोसिएशन बिलासपुर यूनिट द्वारा एक दिवसीय नेचर राइड एंड ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित किया गया । जिसमें 12 बाइक एक कार में 24 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। यात्रा नेहरू चौक से प्रारंभ होकर रतनपुर होते हुए लाफा, जेमरा, पहाड़ी डुमरी के समीप दुर्गम रास्तों से होते हुए केंदा पहुंची । केंदा से कारीआम होते हुए बस्तीबगरा फिर राहा रावा चैतमा से बिलासपुर वापस हुई। कुल यात्रा 240 किमी की थी ।

प्रतिभागियों को प्रतिभागिता सर्टिफिकेट भी यूनिट के द्वारा प्रदान किए गए। यूनिट के अध्यक्ष भास्कर चौरसिया के नेतृत्व में एक्जीक्यूटिव मेंबर अजय गुप्ता , दुष्यंत साहू , नीरज पाण्डेय के सहयोग से कार्यक्रम का सफल संचालन हुआ। बाइकर्स में अनिल प्रसाद, आशीष खंडेलवाल, जय जगवानी, सुनील आडवाणी, डॉ संजय राज, हेमाराम कश्यप, राहुल साहू, सुनील गुप्ता आदि प्रतिभागी शामिल हुए। यह जानकारी यूनिट के सचिव शैलेष शुक्ला ने दी।

**एसईसीएल मुख्यालय में सतर्कता जागरूकता सप्ताह पर कार्यक्रम**

# जागरूकता विचारों और जीवन को सुहाना बनाती है: कविता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसईसीएल मुख्यालय में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 के अंतर्गत ब्रहमाकुमारी कविता दीदी, मुंबई दवारा प्रस्तुत सुहाना सफ़र एन एडवेंचर इनटू एवेयरनेस विषय पर सत्र का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर एसईसीएल सीएमडी हरीश दुहन, बिरंची दास, मुख्य सतर्कता अधिकारी, हिमांशु जैन विशेष रूप से मौजूद थे। यह सत्र संगठन में नैतिक कार्य-संस्कृति, पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और आंतरिक सतर्कता को और सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ। मुख्य वक्ता मुंबई की ब्रह्माकुमारी कविता दीदी, राजयोग मेडिटेशन शिक्षिका एवं आध्यात्मिक संचालिका रहीं। जिन्होंने पीपीटी के माध्यम से जीवन प्रबंधन, आत्म-जागरूकता तथा मानसिक संतुलन से जुड़े महत्वपूर्ण सूत्रों पर प्रकाश डाला। ब्रहमाकुमारी कविता दीदी ने कहा कि सतर्कता का सफ़र बाहरी नहीं, अंदर की जागृति से शुरू होता है। जब मन शांत होता है, तभी निर्णय पारदर्शी और सही दिशा में होते हैं।



### सतर्कता हमेशा जीवन में अपनाए रखना चाहिए : सीएमडी

अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरीश दुहन ने कहा कि सतर्कता सप्ताह केवल सप्ताह या पखवाड़े भर का आयोजन नहीं है वरन यह वर्ष भर प्रत्येक कर्मी को अपने कार्य-संस्कृति, अपने कार्य स्थल या हर-हमेशा अपने जीवन में अपनाए रखना चाहिए । उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति अपने कार्य दौरान आत्म-जागरूक और संतुलित होकर कार्य करता है तब उसके निर्णय निष्पक्ष, सटीक और संगठन के लिए मूल्यवान होते हैं।

राजयोग मन को स्वच्छ, विचारों को सजग और जीवन को सुहाना बनाता है। जागरूकता वह शक्ति है, जो हर स्थिति में हमें संतुलित बनाए रखती है। उन्होंने कहा कि किसी भी संस्थान की प्रगति केवल नीतियों से नहीं, बल्कि वहाँ कार्यरत प्रत्येक व्यक्ति की आंतरिक सत्यनिष्ठा और जागरूकता से निर्धारित होती है। स्वागत उद्बोधन मनीष श्रीवास्तव ने तथा धन्यवाद ज्ञापित नागेश्वर राव ने दिया।

### मल्टीपरपस स्कूल के पूर्व विद्यार्थियों का रियूनियन प्रोग्राम, यादें की ताजा




**बिलासपुर।** आज शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक शाला गांधी चौक में 1995 बैच के पूर्व विद्यार्थियों का रियूनियन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर देश भर के विभिन्न शहरों से पहुंचे सहपाठी तथा बिलासपुर के स्थानीय साथियों ने एकत्र होकर अपने विद्यालयकाल की मधुर स्मृतियों को पुनर्जीवित किया। 1995 बैच के सदस्यों ने अपने उस समय के गुरुजनों को ससम्मान आमंत्रित कर उनका सम्मान किया। रियूनियन के दौरान उपस्थित सभी साथियों ने विद्यालय से जुड़े अपने अनुभवों, यादों और जीवन के बदलावों को एक-दूसरे के साथ साझा किया। कार्यक्रम की सफल आयोजन में विद्यालय के वर्तमान प्राचार्य का महत्वपूर्ण एवं प्रशंसनीय सहयोग प्राप्त हुआ, जिसके लिए 1995 बैच के समस्त साथियों ने आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### रुखमणी के मरणोपरांत परिजन ने जिला अस्पताल में कराया नेत्रदान



**मुंगेली।** जिला चिकित्सालय द्वारा नेत्रदान के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए वृद्धाश्रम रामगढ़ की निवासी रूखमणी निषाद के मरणोपरांत नेत्रदान की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूर्ण की गई। यह नेत्रदान कलेक्टर कुन्दन कुमार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. शीला साहा, सिविल सर्जन डा. एमके राय, डीपीएम गिरीश कुर्रे तथा अंधत्व निवारण एवं अल्प दृष्टि नोडल अधिकारी डा. देवेश खाण्डे के मार्गदर्शन में किया गया। नेत्रदान की संपूर्ण प्रक्रिया जिला चिकित्सालय के सहायक नोडल अधिकारी भक्तस्नेही पटेल तथा नेत्र सहायक अधिकारी दिलेश्वर भास्कर द्वारा संपन्न कराई गई। नेत्र दान सूचना हेतु जिला चिकित्सालय सहायक नोडल अधिकारी एवं नेत्र दान सहायक अधिकारी भक्तस्नेही पटेल को सूचना दिया, सूचना देने के बाद वृद्धाश्रम अधीक्षक से चर्चा के दौरान अंतिम सांस की सूचना मिलने के बाद नेत्र दान किया गया तत्पश्चात नेत्र कलेक्शन को सिम्स हास्पिटल बिलासपुर में जमा किया गया। सिविल सर्जन डॉ. एम.के. राय ने बताया कि नेत्रदान हेतु नेत्र जिला चिकित्सालय नेत्र दान अधिकारी डॉ. देवेश खाण्डे व नेत्रदान सहायक अधिकारी से संपर्क किया जा सकता है।

### अल्पसंख्यकों को योजनाओं से जोड़ना शासन की मंशा



**तखतपुर।** अल्पसंख्यकों को शासन की योजनाओं से जोड़ना उन्हें लाभ दिलाना शासन की मंशा है1 गरीब परिवारों को रोजगारों मुखी कार्यक्रम की जानकारी देना एवं उन्हें आगे बढ़ना मुख्य उद्देश्य है1 उक्त उद्गार अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत चावला ने अपने तखतपुर प्रवास पर श्री गुरु सिंह सभा में आयोजित कार्यक्रम में कहा। इस अवसार पर श्री गुरु सिंह सभा में आयोजित सभा में उनका सिरपाओ देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर सभा को श्री गुरु सिंह सभा के सचिव रमन पाल सिंगूर एवं हरजीत सिंह ने संबोधित करते हुए अपने समाज के हित एवं कई उद्देश्यों को लेकर प्रकाश डाला, जिस पर आयोग केअध्यक्ष ने शीघ्र ही पूरा करने एवं उसे दिशा निर्देश देने हेतु संज्ञान में लिया। इस कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष कुलवंत सिंह हुरा मुख्य ग्रंथि सूरज सिंग मनजीत सिंह खनूजा बृजपाल हुर1 हरजीत सिंह हरविंदर सिंह हरचरण सिंह गुरुदयाल सिंह हूरा मनजीत सिंह चंचल निक्कू सहित अन्य उपस्थित रहे।

### शुक्ल कालेज में प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ




**सीपत।** शासकीय मदनलाल शुक्ल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पीएम ऊषा की सॉफ्ट स्किल गतिविधियों के अंतर्गत इंटरनेट ऑफ थिंग्स विषय पर पांच दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ सोमवार को हुआ। यह कार्यशाला 17 से 21 नवंबर 2025 तक आयोजित की जा रही है। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर. एस. खेर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पीएम ऊषा के नोडल अधिकारी डॉ. आर. एन. पटेल ने की। कार्यशाला में यूनो रोबोटिक्स टेक एंड रिसर्च प्राइवेट लिमिटेड, बिलासपुर की विशेषज्ञ टीम अमन श्रीवास और सूरज निषाद ने छात्रों को सैद्धांतिक जानकारी दी। उद्घाटन दिवस पर कार्यशाला के समन्वयक भूपेंद्र देवांगन, कंप्यूटर अनुप्रयोग विभाग की प्राध्यापक डॉ. युक्ति कश्यप, स्वाती पाण्डेय, सुकृति नायक सहित लगभग 45 विद्यार्थी मौजूद रहे।

### आतताइयों को दण्ड देने अवतरित होते हैं भगवान

**तखतपुर।** जब पृथ्वी पर आतताइयों का आतंक बढ़ जाता है तब उन्हें दण्ड देने के लिए ईश्वर धरती पर अवतरित होते हैं। ईश्वर दुष्टों को भी दण्ड देकर स्वर्ग भेजते हैं। जब कंस के दूराचार से सभी परेशान हो गए थे तब सभी ने एक साथ मिलकर भगवान की प्रार्थना की थी और भगवान ने उन सभी को कृष्ण के रूप में जन्म लेकर कंस के तकलीफ से छुटकारा दिलाने का आश्वासन दिया था और समय अनुसार भगवान श्री कृष्ण ने समय आने पर कंस का वध कर धरती को उसके अत्याचार से मुक्त कराया। यह कथा नगर के बेलसरी में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह में कथा वाचक संतोष पाण्डेय ने कहीं।

### मुंगेली जिले में धान खरीदी के लिए बनाई गई है विशेष मानिटरिंग टीम

# प्रभारी सचिव ने पथरिया सहित 9 केन्द्रों में लिया व्यवस्थाओं का जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली/पथरिया



जिले के प्रभारी सचिव चंदन कुमार ने कलेक्टर कुन्दन कुमार के साथ विभिन्न धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने चन्दखुरी, सरगांव, सांवा, जुनवानी, पथरिया, नवागांव चीनू, लालाकापा उपार्जन केन्द्र सहित और सहकारी समिति दाउपारा का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

प्रभारी सचिव ने ब्लाक मुख्यालय पथरिया एवं विकासखण्ड के चंद्रखुरी उपार्जन केंद्र में तौल मशीन की पूजा कर धान खरीदी की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि धान खरीदी केवल प्रक्रिया नहीं, बल्कि किसानों के सम्मान का उत्सव है। उन्होंने मुंगेली विकासखण्ड के नवागॉव (ची.) और लालाकापा उपार्जन केन्द्रों में चल रहे धान खरीदी का अवलोकन किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने धान खरीदी की वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए बताया कि जिले में धान खरीदी के लिए विशेष मॉनिटरिंग सिस्टम बनाया गया है तथा बेहतर मॉनिटरिंग के लिए इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर स्थापित किया गया है। रूट मैपिंग करने एवं परिवहन के लिए चिन्हांकित वाहनों में जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम लगाकर विशेष निगरानी की जा रही है। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने बताया कि सभी चेकपोस्टों में कड़ी निगरानी रखी जा रही है। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरिशंकर वर्मा, लौदा मंडल अध्यक्ष अभिलाष त्रिवेदी, नगर पंचायत उपाध्यक्ष मनोज पांडेय, पूर्व नप अध्यक्ष जसपाल छाबड़ा, सभापति इंदरजीत यादव, मोनिका ओमू दिवान, मेला राम डनसेना, रामबघेल, ओमकार यादव ,जुनवानी सहकारी समिति अध्यक्ष सुखदेव वर्मा, रविन्द्र बघेल, अपर कलेक्टर जी.एल .यादव, मुंगेली एसडीएम अजय शतरंज, पथरिया एसडीएम रेखा चंद्रा, जिला खाद्य अधिकारी हुलेश कुमार डड़सेना, सहायक आयुक्त सहकारिता हितेश श्रीवास, जिला विपणन अधिकारी मनोज यादव, डीएम नान संदीप शर्मा, सीसीबी नोडल अधिकारी संतोष ठाकुर पथरिया विपणन सीईओ मिथलेश साहू सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### धान खरीदी में लापरवाही रोकने लागू किया गया एस्मा

**मुंगेली।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए धान खरीदी 15 नवंबर से शुरू हो गई है। साथ ही धान खरीदी में व्यवधान एवं लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। गौरतलब है कि, शासन ने धान खरीदी में लगे सहकारी समिति के कर्मचारियों की हड़ताल पर सख्त एक्शन लेते हुए एस्मा लागू कर दिया है। एस्मा के तहत बिना वारंट गिरफ्तार करने का प्रावधान है। शासन द्वारा इस संदर्भ में चेतावनी भी जारी की गई है। शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 की पूरे धान खरीदने तक खरीदी कार्य में लगे सभी कर्मचारियों पर छत्तीसगढ़ आवश्यक सेवा संरक्षण तथा विच्छिन्नता निवारण अधिनियम 1979 लागू किया गया है। धान खरीदी कार्य में जिनकी ड्यूटी लगाई गई है। उक्त कार्य करने हेतु निर्धारित स्थान पर उपस्थिति नहीं दिए जाने अथवा कार्य नहीं करने पर एस्मा का उल्लंघन माना जाएगा। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने बताया कि, शासन की जरूरी सेवाएं मुख्य रूप से धान खरीदी किसी भी हालत में बाधित ना हो, आम जनता को किसी भी प्रकार की परेशानी से बचाने और प्रशासनिक कामकाज को सामान्य रखने के लिए एस्मा लागू किया गया है। एस्मा के बारे में छत्तीसगढ़ अत्यावश्यक सेवा संधारण तथा विच्छिन्नता निवारण अधिनियम 1979 के अंतर्गत अतिआवश्यक सेवा में कतिपय क्रियाकलापों का प्रतिषेध धारा 4 की उपधारा 1 के अधीन किए गए आदेश में विनिर्दिष्ट की गई तारीख से कोई भी ऐसा व्यक्ति जो अत्यावश्यक सेवा से संबंधित है, से इनकार करने या अन्य प्रकार से, पूर्ण या आंशिक कार्य विराम का आश्रय नहीं लेगा। इसके प्रावधानों का उल्लंघन दंडनीय माना जाएगा।

### किसानों के कल्याण के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध




**मल्हार।** मल्हार धान उपार्जन केंद्र में तौल मशीन और कांटा-बांट की विशेष पूजा-अर्चना के बाद औपचारिक रूप से धान खरीदी की शुरुआत की गई। भाजपा मंडल अध्यक्ष रंजीत सिंह ठाकुर, संस्था प्रबंधक तेज बहादूर सिंह, नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुशील चौबे, किसान धर्मेंद्र सिंह ठाकुर ने विधि-विधान से पूजा कर खरीदी कार्य को प्रारंभ कराया तथा केंद्र में पहुंचने वाले किसानों का उत्साहवर्धन किया। मल्हार के किसान देवकी बाई, प्रेम प्रकाश, राधेश्याम, अमीन खान इस वर्ष खरीदी केंद्र पहुंचने वाले सबसे पहले किसान रहे। रंजीत सिंह ने कहा है कि अन्नदाता किसानों का हित हमारे लिए सर्वोपरि है। किसानों के कल्याण के लिए हमारी सरकार पूरी तरह प्रतिबद्धता से काम कर रही है।



# जरौंधा खरीदी केंद्र से मायूस लौटे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

समर्थन मूल्य के तहत शासन की ओर से धान खरीदी प्रारंभ हो गई है लेकिन जरौंधा खरीदी केंद्र में कर्मचारी नहीं होने के कारण धान लेकर पहुंचने वाले किसानों मायूस होकर लौटना पड़ा।

जानकारी के अनुसार जरौंधा के किसान चंद्रकांत पाण्डेय 10 क्विंटल, शंकर लाल पाण्डेय 183 बोरी, परदेशी साहू 13 क्विंटल 60 किलो धान लेकर जरौंधा खरीदी केंद्र पर पहुंचे। दिनभर वे धान की तौलाई का इंतजार करते रहे परंतु कर्मचारी नहीं पहुंचने के कारण उनके धान की तौलाई नहीं हो पाई और किसान खाली हाथ लौट गए। 15 नवम्बर से किसान केंद्र पर पहुंच तो रहे हैं परंतु वे बिना धान तौलाए वापस लौट रहे है। वहीं अपने धान की रखवाली के लिए रतजगा कर रहे हैं। तीसरे दिन भी वहां पर धान खरीदी की बोहनी नहीं हो पाई। जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष एवं किसान शिवबालक कौशिक ने कहा कि भले ही 15 नवम्बर से धान खरीदी कागज में दिखा दिया गया है



पर धरातल में स्थिति अलग है। खरीदी केंद्र के कर्मचारियों का समस्याओं के निराकरण करने में सरकार की कोई रूचि नहीं है। इसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है।

#### सुधर जाएगी व्यवस्था

धान खरीदी केंद्र पर काम करने वाले कर्मचारियों की हड़ताल के कारण आउट सोर्सिंग के माध्यम से कर्मचारीयों की व्यवस्था की गई है। आने वाले दिनों में व्यवस्था सुधर जाएगी। पूरी तैयारी कर ली गई है।

**-सूर्यकांत जायसवाल,** शाखा प्रबंधक, जिला सहकारी बैंक, तखतपुर।

### 24 छात्राओं को सायकल का वितरण



**लोरमी।** नगर के आत्मानन्द स्कूल में हाईस्कूल सरस्वती योजना के तहत विक्रम सिंह ठाकुर के मुख्य आतिथ्य में 24 छात्राओं को सायकल वितरण किया गया। विक्रम सिंह ने कहा सरकार सभो वर्गो के लिये योजना चला रही है,इसमें निःशुल्क सायकल योजना है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा, भाजपा महामंत्री गुरमीत सलूजा , प्राचार्य अरुण जायसवाल, शाला विकास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विश्वास दुबे,रवि शर्मा, दिनेश साहू, प्रदीप मिश्रा, जवाहर दिवाकर, अभिषेक पाठक नरेंद्र खत्री, मुकुल तिवारी एवं खंड शिक्षा अधिकारी मनीषा पाटले एवं संस्था के वैभव आनंद, कंचन कर्मकार, ममता कौशिक मोनिका कौशिक गरिमा पाठक पियूषा चौधरी माहेश्वरी पात्रे शिफाली सोनी विजय विश्वकर्मा दीपक जोशी चन्द्रसेन ध्रुव सी पी साहू बी आर चेलक प्रणिता दास संतोष मरकाम धनंजय लहरे एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

### आधुनिक शिक्षा हो सबके लिए आसान



**लोरमी।** डिंडौरी स्कूल के विद्यार्थियों के बीच सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजनकिया गया । जिसमें छात्रों को अलग-अलग विषयों के बहुविकल्पित प्रश्नों पर आधारित परीक्षा ली गई। जिससे छात्रों में पढ़ाई के प्रति रुचि एवं आज के समय के अनुसार अपने आप को अद्यतन रखने की दी गई प्रेरणा। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

## परमेश्वरी महोत्सव के समापन पर निकली शोभायात्रा

**तखतपुर।** परमेश्वरी जयंती के समापन अवसर पर देवांगन समाज की ओर से देवांगन भवन में मां परमेश्वरी की प्रतिमा की पूजा-अर्चना कर विशाल शोभायात्रा निकाली गई। नगर में जगह-जगह मां परमेश्वरी की पूजा-अर्चना कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। नगर में देवांगन समाज द्वारा सात दिनों तक मां परमेश्वरी उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान प्रति दिवस परमेश्वरी पुराण के साथ सांस्कृतिक और रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित हुए, जिसमें समाज के लोगों ने हिस्सा लिया। आयोजन में खरोरा के कथावाचक किशन राव जी महराज ने मां परमेश्वरी पुराण पर विस्तृत प्रकाश डाला एवं कथा का वाचन किया। समापन पर चढ़ोत्री हवन-पूजन के पश्चात शोभायात्रा लगभग दोहपर 3 बजे जनकपुर भवन से निकाली गई, जिसमें समाज के लोगों ने बाजे-गाजे के साथ उत्साह पूर्वक नगर भ्रमण किया। शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। शोभायात्रा में 251 बालिकाओं ने कलश यात्रा निकाली। शोभायात्रा में किशन राव, शिव देवांगन,अजय देवांगन, रामाधार देवांगन, गंगाराम देवांगन, राजेश देवांगन, राजू देवांगन, कांत देवांगन, दिनेश देवांगन, शेखर देवांगन, रवि देवांगन, चंद्रप्रकाश देवांगन, सुरेश देवांगन, कृष्णा देवांगन, तिलक देवांगन, मुकेश



देवांगन, शत्रुहन देवांगन, सन्नी देवांगन, अरब देवांगन, पप्पू देवांगन, विकास देवांगन, जनकराम देवांगन, कैलाश देवांगन हनुमान प्रसाद देवांगन, भोलाराम देवांगन, अरूण देवांगन, झाडूराम देवांगन, अजय देवांगन, ईश्वर देवांगन, ओमप्रकाश देवांगन, यज्ञ देवांगन, तोरन देवांगन, सुनील देवांगन, उमेन्द्र देवांगन, दल्लु देवांगन, मुकेश देवागंन, राजेश देवांगन, माधो देवांगन, शिव देवांगन, संतोष देवांगन, सतीश देवांगन, सुभाष देवांगन, महेन्द्र देवांगन, मनहरण लाल देवांगन, प्रमोद देवांगन, अमृत विष्णु, अरूण, अशोक, शिवनाथ, रामकुमार, शत्रुहन, शरद, कैलाश, बजरंग, गुनाराम, केशव, प्रहलाद, गुल्लू, छोटेलाल, मनहरण देवांगन सहित अन्य उपस्थित रहे।

## 1100 रैबीज इंजेक्शन की खेप पहुंची रतनपुर हासिपटल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतनपुर

धार्मिक नगरी रतनपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पिछले तीन–चार महीनों से चल रही रेबीज इंजेक्शन की किल्लत आखिरकार समाप्त हो गई है। हरिभूमि में खबर प्रकाशित होने के बाद प्रशासन ने इस ओर रुख किया और 1100 इंजेक्शन की खेप अस्पताल में भेजी गई है।

- महीनों की किल्लत खत्म, मरीजों ने ली राहत की सांस

खबर का असर

ज्ञात हो कि रेबीज इंजेक्शन की आपूर्ति बंद होने के कारण रोजाना 20 से अधिक मरीज इंजेक्शन की तलाश में केंद्र पहुंच रहे थे, लेकिन दवा उपलब्ध नहीं होने के कारण उन्हें मजबूरी में 25–30 किलोमीटर दूर बिलासपुर के सिम्स अस्पताल जाना पड़ रहा था। स्थानीय लोग इसे स्वास्थ्य व्यवस्था की गंभीर लापरवाही बताकर विरोध जता रहे थे। हरिभूमि में खबर प्रकाशित होने के बाद स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों ने तत्काल संज्ञान लेते हुए 1100 रेबीज इंजेक्शन रतनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को भेज दिए हैं। इससे लंबे समय से परेशान मरीजों को बड़ी राहत मिली है।



रतनपुर स्वास्थ्य केंद्र में मरीज हो रहे परेशान
रेबीज इंजेक्शन की भारी किल्लत, मरीज परेशान

#### अब नहीं पड़ेगी बाहर जाने की जरूरत

जैसे ही इंजेक्शन की खेप केंद्र पहुंची, तुरंत स्टॉक रजिस्टर में दर्ज कर मरीजों के उपचार हेतु उपलब्ध करा दिया गया है। इससे क्षेत्र के ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। प्रभारी डॉ. विजय चंदेल ने बताया कि आज हमारे केंद्र में 1100 रेबीज इंजेक्शन प्राप्त हो गया है। अब मरीजों को बिलासपुर जाने की परेशानी नहीं होगी। हम प्रयास कर रहे हैं कि भविष्य में दवा की कमी न आने पाए और स्टॉक हमेशा उपलब्ध रहे। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन स्तर पर आगे से दवाओं की समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

#### स्थानीय लोगों ने जताया आभार

सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग एवं मीडिया के इस त्वरित कदम का स्वागत किया है। लोगों का कहना है कि समय पर उठाए गए इस कदम ने अनगिनत मरीजों को राहत और सुरक्षा प्रदान की है।

## इथेनाल प्लांट स्थापना के लिए हुई जनसुनवाई

**सेतगंगा/मुंगेली।** जिले के अंतर्गत ग्राम कैथनवागांव फास्टरपुर में मेसर्स आरएसएलडी बायो फ्यूल्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा इथेनाल प्लांट स्थापना को लेकर 17 नवंबर को पुलिस थाना फास्टरपुर सेतगंगा प्रांगण में जनसुनवाई का आयोजन किया गया।

आयोजन में विरोध एवं समर्थन जनसुनवाई के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने मिश्रित प्रतिक्रिया दी। कुछ लोगों ने प्रदूषण एवं जल स्तर कम होने की चिंताओं को हवा देकर विरोध किया। जबकि बहुतायत लोगों ने रोजगार के अवसरों का हवाला देते हुए किसानों की आय दुगनी होने की भी बात कही गई। स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसरों का हवाला देते हुए प्लांट के पक्ष मे बात कही। जनसुनवाई में कुल लगभग 73 लोगों ने आवेदन पत्र जमा किए। जनसुनवाई 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक की गई। इस अवसर पर पर्यावरण विभाग बिलासपुर से




जनसुनवाई में उपस्थित अधिकारी एवं नागरिक।

अधिकारी, एडीशनल कलेक्टर निष्ठा पांडे, डीएसपी मुंगेली नवनीत पाटिल, एसडीओपी हरविन्दर सिंह, सायबर सेल प्रभारी सुशील बंछोर, पुलिस थाना प्रभारी फास्टरपुर सेतगंगा गिरजा शंकर यादव, पूर्व जिला पंचायत मानिक सोनवानी, डॉ. सुरेश केसरवानी, शिवप्रताप सिंह, कुलेश्वर बारमते, कन्हैया ठाकुर, अश्वनी कुर्रे, सुखचंद साहू, नरेंद्र जयसवाल, भुवन प्रसाद ओगरे, अखिल टोण्डर, संजय सिंह परिहार, मनोहर यादव, कन्हैया गुप्ता, अनीश सेमुअल मसीह, जय देवांगन, रायसिंह गबेल, प्रशांत मसीह, सुखचंद भास्कर, केशव सिंह परिहार, नेम सिंह बोगी बारमते, जगकुमार शास्त्री, लव देवांगन, संतोष देवांगन, रमाकांत जायसवाल, हीरा सिंह कश्यप, गणेश गुप्ता, दाता राम गबेल, मनोहर यादव, महेंद्र गबेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। पुलिस थाना फास्टरपुर के द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मुस्तैद रहे।

**APPOINTMENT**
**सोनकर कॉलेज, मुंगेली** Approved from BCI & UGC,
Affilliated to Atal Bihari Vajpayee Vishwavidyalaya, Bilaspur (C.G.)
Email-sonkarmungeli@rediffmail.com Mob. No.-9754676700, 9691390689

| | | |
|---|---|---|
| 01 | प्राचार्य सामान्य | 01 पद |
| 02 | प्राचार्य (विधि संकाय) | 01 पद |
| 03 | सहायक प्राध्यापक (विधि संकाय) 05, समाजशास्त्र 02 पद, राजनीति विज्ञान 02, इतिहास 01 | |
| 04 | सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी विषय | 01 पद |
| 05 | ग्रंथपाल | 01 पद |

**01. प्राचार्य पद सामान्य हेतु -** * योग्यता यू.जी.सी. के विनियम 2018/ राज्य शासन के द्वारा निर्धारित। * वेतनमान यू.जी.सी. / राज्य शासन वेतनमान के तहत मूल वेतन एवं प्रबंध समिति द्वारा अनुशषित अन्य भत्ते। **02. सहायक प्राध्यापक हेतु -** * संबंधित विषय में 55 प्रतिशत अंक सहित स्नातकोत्तर उपाधि एवं नेट/स्लेट/पी.एच.डी.। *वेतनमान – यू.जी.सी. / राज्य शासन वेतनमान के तहत मूल वेतन एवं प्रबंध समिति द्वारा अनुशषित अन्य भत्ते। **03. प्राचार्य पद विधि संकाय हेतु -** * योग्यता यू.जी.सी. के विनियम 2018/ राज्य शासन/बी.सी.आई. के द्वारा निर्धारित। * वेतनमान – यू.जी.सी. / राज्य शासन वेतनमान के तहत मूल वेतन एवं प्रबंध समिति द्वारा अनुशषित अन्य भत्ते। **04. ग्रंथपाल-** * योग्यता यू.जी.सी. के विनियम 2018/ राज्य शासन के द्वारा निर्धारित। * वेतनमान – यू.जी.सी. / राज्य शासन वेतनमान के तहत मूल वेतन एवं प्रबंध समिति द्वारा अनुशषित अन्य भत्ते। **नोट -** (i) केवल योग्यता प्राप्त उम्मीदवार ही आवेदन करें। (ii) आवेदन पत्र पूर्ण जानकारी सहित विज्ञापन प्रकाशन की तिथि के 15 दिवस के भीतर सोनकर कॉलेज मुंगेली, छ.ग. को किया जाना है। **आवेदन पत्र डाक द्वारा अथवा कॉलेज के ई-मेल एड्रेस sonkarmungeli@rediffmail.com पर एवं कार्यालय में व्यक्तिगत तौर पर स्वीकार्य किया जायेगा।**
**Mob. No. 9754676700, 9691390689**

Secretary
Sonkar College Raipur Road, Mungeli (C.G.)

## बाल सुरक्षा केवल कानून का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व

**मुंगेली।** जिले में 14 से 20 नवम्बर तक जिला पुलिस मुंगेली द्वारा "बाल सुरक्षा सप्ताह 2025" का आयोजन पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के दिशा–निर्देश एवं मार्गदर्शन में किया जा रहा है। बच्चों की सुरक्षा, जागरूकता और अधिकारों के संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पुलिस विभाग ने पूरे सप्ताह जिलेभर में व्यापक कार्यक्रमों की श्रृंखला शुरू की है।

सप्ताह का शुभारंभ 14 नवम्बर को पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम परिसर में स्थित मूक–बधिर संस्था में अध्ययनरत 19 बच्चों के साथ किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष




बाल सुरक्षा सप्ताह अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम में शामिल बच्चे।

जयप्रकाश मिश्रा और जनप्रतिनिधि सौरभ बाजपेयी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। दोनों जनप्रतिनिधियों ने कहा कि बाल सुरक्षा केवल कानून का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व है, जिसमें हर नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने सभी थानों, महिला एवं बाल सुरक्षा इकाइयों तथा सायबर सेल को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि बाल सुरक्षा सप्ताह के दौरान प्रत्येक बच्चे को उपयोगी जानकारी, सहायता तंत्र तथा सुरक्षा उपायों से अवगत कराया जाए। उनके निर्देशन में पुलिस टीम द्वारा गुड टच–बैड टच, आनलाइन सुरक्षा, मानसिक व शारीरिक शोषण से बचाव, महिला एवं बाल संरक्षण कानून, अभिभावकों की भूमिका, और पुलिस सहायता हेल्पलाइन 1098, 112 की जानकारी बच्चों को सरल भाषा में दी जा रही है। बाल सुरक्षा सप्ताह के तहत बच्चों को थाना भ्रमण, सायबर सेल भ्रमण और पुलिस अधीक्षक कार्यालय का अवलोकन भी कराया जा रहा है।

VASUNDHARA
**Brilliant Public School**
ESTD. 2001 Igniting Wisdom
Near Vasundhara Green Valley, Lalmati, Raigarh Road, Ambikapur, (CG.) - 497001
**APPOINTMENT 2026-27**

| Open Positions | No. of Post | Essential Qualification | Experience Required |
|---|---|---|---|
| Vice Principal (Female Only) | 1 | Post Graduation + M.ED/B.ED | Minimum 3 years experience as Vice Principal or 5 years as Co-ordinator cum PGT (Ph.D will be Preferred) |
| Art & Craft Teacher | 2 | Graduation + Professional Course | 2 years |
| TGT Sanskrit | 2 | Graduation + M.ED/B.ED | 2 years |
| TGT/PRT Hindi | 2 | Graduation + M.ED/B.ED | 2 years |
| Librarian | 2 | Graduation + B.Lib/M.Lib/Diploma | 2 years |
| HR (Female Only) | 2 | BBA/MBA | 2 years |
| PRT English | 2 | Graduation + M.ED/B.ED | 2 years |
| Mother Teacher (PPRT) | 5 | Graduation + NTT | 2 years |
| Associate Teacher | 5 | Graduation + Professional Course | 2 years |
| Front Desk Executive (Public Relation) | 2 | BBA/MBA | 2 years |

- **PGT for all Subjects** required, Minimum 3 Years Experience, Qualification prescribed by CBSE .
- **TGT Science, SST, Computer** required, Minimum 2 Years Experience, Qualification prescribed by CBSE .

Kindly Note: • Fluency in English is a must. • Salary no bar for deserving candidates. • Apply at: careers@brilliantabkp.com with a cc to bpsv@brilliantabkp.com before 15th December 2025 or you can submit directly to our school office between 09:00 am to 03:00 pm.
WhatsApp/Contact: 9244320300 brilliantabkp.com

## खबर संक्षेप

### लोरमी में रावत नाच महोत्सव 20 को

**लोरमी।** नगर के हाईस्कूल मैदान में 20 नवबर को दोपहर 3 बजे से यदुवंशी सेना यादव समाज के तत्वावधान में रावत नाच महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू रहेंगे। अध्यक्षता शिक्षामंत्री गजेन्द्र यादव करेंगे।

### रास्ता रोकने वालों के खिलाफ जुर्म दर्ज

**तखतपुर।** थाने के सामने बैठकर रास्ता रोकने वालों के खिलाफ पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर किया है। जानकारी के अनुसार 14 नवम्बर की शाम 4 बजे तखतपुर थाना परिसर के सामने सार्वजनिक सड़क पर आरोपी अमृत दास डहरिया, सज्जन कुर्रे, आशीष टण्डन, विनय कौशल, मुकेश बंजारे, रूपेश डहरिया सहित अन्य ने बिना किसी सूचना के शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने के उद्देश्य से आवागमन अवरूद्ध कर दिया। जब आरोपी वहां पर धरने पर बैठे तब पुलिस कर्मियों ने उन्हें समझाया कि मार्ग बाधित न करें फिर भी वे नही माने मार्ग पर डटे रहे और नारे बाजी कर शासकीय कार्य प्रभावित कर रहे थे पुलिस ने फिर इन आरोपीयों के खिलाफ धारा 126, 121, 191,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर किया है।

### युवक से मारपीट जुर्म दर्ज

**तखतपुर।** गौरा गौरी दर्शन के समय आरोपी ने प्रार्थी के साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया। जानकारी के अनुसार देवतरा निवासी बिसाहू राम कोल 15 नवम्बर की रात 11 बजे गांव के महामाया मंदिर के पास गौरा गौरी पूजा देखने गया हुआ था तभी गांव का मनोहर मरावी अपने हाथ में नारियल और दूसरे हाथ में सोटा रखकर आया और अपने ऊपर देवी सवार का हरकत करते हुए साटा मार दिया और जब मना किया तो गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दिया। रिपोर्ट पर 115,2 296, 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

## निधन

### रामकुमारी शर्मा

**बिलासपुर।** रामाग्रीन सिटी पुरान



निवासी रामकुमारी शर्मा का 17 नवंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे सुरेन्द्र शर्मा, बाबूलाल व संजय शर्मा की माता थीं।

### गोपाल प्रसाद तिवारी

**बिलासपुर।** देवकिरारी के भूतपूर्व



मालगुजार गोपाल प्रसाद तिवारी का 15 नवंबर को बिल्हा में निधन हो गया। वे 80 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 16 नवंबर को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. बलदाऊ प्रसाद तिवारी के पुत्र, चन्द्र शेखर, चन्द्रकांत,रविकांत, एडिशनल एसपी प्रतिभा तिवारी के पिता थे ।

### सुरेश मुलकलवार (बाबा)

**बिलासपुर।** नारियल कोठी दयालबंद



निवासी सुरेश मुलकलवार (बाबा) का 17 नवंबर को नागपुर में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार नागपुर में किया गया। वे मौसम मुलकलवार के पिता थे।

### विनीता एंड्रयूज

**तखतपुर।** शरन नगर निवासी विनीता



एंड्रयूज 70 वर्ष का 17 नवम्बर को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार प्रभू की वाटिका में 18 नवम्बर को दोपहर 2 बजे होगा।

### बंशी सिंह राजपूत

**तखतपुर।** हरनाचाका निवासी बंशी



सिंह राजपूत का 96 वर्ष की आयु में 17 नवम्बर को निधन हो गया। वे द्वारिका सिंह राजपूत, बद्री सिंह राजपूत के पिता थे। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम हरनाचाका में किया गया।

### चेतन दास भोजवानी

**बिलासपुर।** तोरवा संतोषी मंदिर के



पास से रहने वाले चेतन दास भोजवानी का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 18 नवंबर को दोपहर 2 बजे उनके निवास से तोरवा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे प्रीतम दास भोजवानी के भाई व दिलीप कुमार और सुरेश भोजवानी के पिता थे।

### मैदान में उतरने वाला हर खिलाड़ी विजेता: धर्मजीत

# खेल और मनोरंजन से व्यक्ति रहता है स्वस्थ: तोखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सकरी



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि।

■ छतौना में सांसद खेल महोत्सव का आगाज

ग्रामीण अंचल में प्रतिभाओं का अंबार है आवश्यकता है उन्हें अवसर प्रदान करने का। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी सांसदों को निर्देशित किया है कि अपने संसदीय क्षेत्र के आमजन के स्वस्थ्य जीवन की चिंता करते हुए क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन करें ताकि प्रत्येक भारतीय स्वस्थ और मस्त रहें इसके लिए देश में फिट युवा फॉर विकसित भारत के लिए सांसद खेल महोत्सव का आगाज आज छतौना में हुआ खेल और मनोरंजन से व्यक्ति स्वस्थ रहता है इसमें गांव के सभी लोग भाग लेकर स्वस्थ रहे क्योंकि हम जानते है कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन, बुद्धि का वास होता है।

उक्त उद्गार ग्राम छतौना में आयोजित सांसद खेल महोत्सव एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के आसंदी से बिलासपुर सांसद एवं केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि खेल भावना हमे हार जीत से ऊपर उठकर निरंतर प्रयास का संदेश देती है भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष कौशिक ने कहा कि खेल से जीवन में अनुशासन आता है शरीर स्वस्थ्य रहता है और टीम भावना का जीवन में संचरण होता है। कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, उपाध्यक्ष ललिता कौशिक, जनपद अध्यक्ष माधवी वस्त्रकार, उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, भाजपा नेता विशाल विक्की सिंह, जिला पंचायत सभापति अंबिका साहू, जनपद सभापति रंजना तुलसी कौशिक, जनपद सदस्य प्रतिनिधि सुभाष गढ़ेवाल, सरपंच राधिका कौशिक, सांसद प्रतिनिधि मनोज साहू, विधायक प्रतिनिधि सूरज मिश्रा, बेलमुंडी सरपंच विश्राम कौशिक, सर्व यादव समाज के अध्यक्ष रामचंद्र यादव, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष टिकेश्वर कौशिक, मंडल महामंत्री तुलसी कौशिक, पूर्व जनपद अध्यक्ष ललित कौशिक, भाजपा नेता संतोष घोष ने भी संबोधित किया ।कार्यक्रम का संचालन सकरी मंडल अध्यक्ष रवि मेहर एवं आभार प्रदर्शन पूर्व मंडल अध्यक्ष बी आर महोबिया ने किया।

## रहंगी में सासंद खेल महोत्सव का शुभारंभ

**बिल्हा।** ग्राम पंचायत रहंगी में सांसद खेल महोत्सव 2025 का 17 नवम्बर को आगाज हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू रहे। अध्यक्षता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, विधायक बिल्हा धरमलाल कौशिक ने की। खेल में प्रथम कलस्टर में सम्मिलित 17 ग्राम पंचायतों के 250 प्रतिभागियों ने भाग लिया सांसद खेल महोत्सव हेतु चयनित विभिन्न खेल खेले। अतिथियों ने विजेताओं को मैडल से सम्मानित किया गया। इस प्रकार रस्साकसी (पुरुष वर्ग) में सेंवार प्रथम, हरदी द्वितीय, बोरा दौड़ (पुरुष वर्ग) अमर पोर्ते प्रथम, सोनल द्वितीय, कबडडी (पुरुष वर्ग) लिमतरी प्रथम, झलफा द्वितीय नीबू दौड़ (पुरुष वर्ग) अमन वर्मा प्रथम, आयुष कौशिक द्वितीय, नीबू दौड़ (महिला वर्ग) दिपिका प्रथम, अक्षरा दुबे द्वितीय स्थान, फुटबाल (पुरुष वर्ग) रहंगी प्रथम, बालीवाल (पुरुष वर्ग) सेंवार प्रथम, कडार द्वितीय, 400 मीटर दौड़ (महिला वर्ग) भूमिका यादव सेजेस चकरभाठा कन्या, तमन्ना लोधी सेजेस चकरभाठा कन्या द्वितीय स्थान के विजेता रहे। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूयवंशी, एसडीएम बिल्हा आकांक्षा त्रिपाठी,जनपद पंचायत अध्यक्ष डॉ. रामकुमार कौशिक, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष विक्रम सिंह, जनपद सदस्य रजनी श्रीवास, महामंत्री सोमेश तिवारी, मंडल अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह क्षत्री, मंडल अध्यक्ष लव श्रीवास, लक्ष्मीन काठले सरपंच ग्राम पंचायत रहंगी एवं पंचायत, शिक्षा तथा खेल विभाग के अधिकारी कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे।





# यदुवंशियों ने शौर्य का प्रदर्शन कर जीता दिल

**सीपत।** ग्राम पंचायत सीपत के तत्वावधान में रविवार को तहसील परिसर में रावत नाच महोत्सव का आयोजन हुआ। कुल सात यदुवंशी नर्तक दलों ने बहुरंगी वेशभूषा धारण कर अपनी पारंपरिक कला, ताल और वीरता का ऐसा संगम प्रस्तुत किया कि दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठे।

महोत्सव में प्रथम पुरस्कार बहतराई दल को जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र धीवर, द्वितीय पुरस्कार खमतराई दल को सरपंच मनीषा योगेश वंशकार, तृतीय पुरस्कार पंधी दल को जनपद सदस्य मनोज खरे, चतुर्थ पुरस्कार नवागांव (मचखंडा) दल को सहकारिता प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष दुबे सिंह कश्यप, पांचवां पुरस्कार सीपत प्रेम दल को उपसरपंच श्यामा शशिकांत साहू, छठवां पुरस्कार नवाडीह सीपत दल को पंच नागेश वर्मा, सांत्वना पुरस्कार पोड़ी दल को सरपंच मनीषा योगेश वंशकार ने प्रदान दिया। इसके साथ ही सभी दलों को आकर्षक शील्ड प्रदान किया गया। जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र धीवर ने कहा कि रावत नाच यादव समाज की वीरता, संस्कृति और स्वाभिमान का प्रतीक है। आज जिस जोश और अनुशासन के साथ सभी दलों ने प्रस्तुति दी, वह हमारी गौरवगाथा को नई पीढ़ी तक पहुंचा रहा है। बहतराई दल ने शानदार प्रदर्शन कर समाज का मान बढ़ाया है। इस मौके पर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अभिलेश यादव, सेवानिवृत्त प्रधानपाठक गणेशराम यादव, अरुण यादव, द्रव्येश गुप्ता, जंगू यादव, डॉ. भोज यादव, शिव यादव, कृष्ण कुमार यादव, लतेल यादव सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। महोत्सव को सफल बनाने में उपसरपंच श्यामा शशिकांत साहू, पंच हरीश गुप्ता, प्रदीप पांडेय, विनोद यादव, दीपक यादव, अमन यादव, संतोष सिदार, लच्छी वर्मा, गौतम खरे, अमित धीवर, उमेंद्र विजय, नरेश सूर्यवंशी, सुमित जायसवाल, नागेश वर्मा, पोषण सत्यार्थी, संजय वर्मा, राजकुमार रजक, गोपी धीवर, इंद्र गुप्ता, लखन गुप्ता, संदीप खरे, प्रेम खरे, गोपीचंद वर्मा, रणजीत यादव, गजेंद्र यादव, आदर्श यादव, राकेश यादव, अजय यादव, शिवपूजन यादव, सागर यादव सहित समस्त ग्रामवासियों का विशेष योगदान रहा।

■ सात नर्तक दलों ने दिखाई प्रतिभा , अतिथियों ने की सराहना



# टेकर में मना बाल दिवस

**बेलतरा।** 14 नवम्बर को शासकीय हाई स्कूल टेकर में बाल दिवस अत्यंत उत्साह व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने भाषण, कविता व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। साथ ही बच्चों के मनोरंजन के लिए प्राचार्य व शिक्षकों ने मिलकर हास्य नाटक प्रस्तुत किया। इस मौके पर गत वर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। रतनपुर के अरविन्द यादव ने हारमोनियम में अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर प्राचार्य नसीम बेगम ने बच्चों का उत्सवर्धन करते हुए उनको अच्छे से पढ़ाई करने के लिए प्ररित किया। कार्यक्रम में रेवती शर्मा, अर्जुन लाल सोनवानी, रामकुमार कश्यप, आशा पटेल, अरविन्द गिरी गोसाई मौजूद रहे।

### शिविर में की गई 54 लोगों के स्वास्थ्य व मधुमेह की जांच

**मुंगेली।** विश्व मधुमेह दिवस पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पदमपुर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर लोगों को मधुमेह से बचने के लिए गुर बताकर उन्हें जागरूक किया गया। शिविर में 54 लोगों के स्वास्थ्य व मधुमेह की जांच की गई। 8 मरीज मधुमेह से पीड़ित पाये गये। जिनमें से एक मरीज उच्च रक्त शुगर 440 मिलीग्राम परडेसी लीटर पाया गया। जिन्हें ईलाज के लिए जिला अस्पताल मुंगेली रिफर किया गया। शेष 7 लोगो को निःशुल्क दवाईयां देकर मधुमेह से बचने के उपाय बताये गये। इस अवसर पर चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीष बंजारा, सीमा पहारी, सुनीता मिरी, जलेश्वरी मिरी, मोनिका जांगड़े, सुधा त्रिवेणी, किशोर, रितेश मसीह, संतोष उपस्थित रहे।

विश्वाधारम जन कल्याण सेवा समिति ने मनाया जनजातीय गौरव दिवस

# आदिवासी समाज की संस्कृति जीवन मूल्यों का आधार: कौशल्या

**बिलासपुर।** भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में ग्राम फारापखना ग्राम पंचायत कपोट में विश्वाधारम जन कल्याण सेवा समिति द्वारा जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। इस दौरान रिमोट एरिया में रह रहे ग्रामीणों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया,जिसमें चिकित्सको और स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा रक्तचाप, शुगर, नेत्र जांच सामान्य स्वास्थ्य जांच, प्राथमिक उपचार तथा आवश्यक दवाइयों का वितरण किया गया। ज़रूरतमंद परिवारों को कंबल वितरण किया गया।

कार्यक्रम के आरंभ में संस्था के अध्यक्ष चंद्रकांत साहू ने अतिथियों एवं ग्रामवासियों का स्वागत करते हुए कहा कि विश्वाधारम जन कल्याण सेवा समिति समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाने के संकल्प के साथ निरंतर कार्यरत है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश की प्रथम महिला कौशिल्या विष्णु देव साय उपस्थित रहीं। उन्होंने



कहा कि भगवान बिरसा मुंडा केवल जनजातीय समाज के नहीं बल्कि पूरे भारत के महानायक हैं, जिन्होंने अपने संघर्ष और नेतृत्व से समाज को जागृति, स्वाभिमान और एकता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज की संस्कृति, उनके रीति-रिवाज और प्रकृति के प्रति सम्मान भारतीय जीवन मूल्यों का आधार हैं। श्रीमती साय ने स्वास्थ्य शिविर, वस्त्र मेला, कंबल वितरण और समरसता भोज जैसे कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन न केवल जनसेवा का माध्यम हैं बल्कि समाज को जोड़ने वाली कड़ी भी हैं। कार्यक्रम में अन्य अतिथि के रूप में अति विशिष्ट अतिथि तिमिरेंदु शेखर सिंह कंवर,विशिष्ट अतिथि रंजिता साहू तथा अध्यक्षता रामकुमार आयम सरपंच की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में सह-संयोजक के रूप में जितेंद्र साहू का योगदान उल्लेखनीय रहा। मंच संचालन सुनील जायसवाल ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में खिलेश्वर, राजाराम, बलराम, करण, मुकेश, सतीश, आनंद का भरपूर सहयोग रहा, अंत में आभार प्रदर्शन दीपक सोनी का सराहनीय योगदान रहा।

### पेंशनर्स की बैठक में हुई विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

**करगी रोड कोटा।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील शाखा कोटा की महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को बेलगहना वन विभाग के विश्राम गृह में आयोजित की गई। बैठक में संघ से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान "एक मांग, एक मंच" (हस्ताक्षर अभियान) के संबंध में विशेष विमर्श हुआ। अभियान को व्यापक रूप से सफल बनाने तथा अधिक से अधिक पेंशनधारियों को जोड़ने पर बल दिया गया। बैठक में संघ से संबंधित अन्य आवश्यक विषयों पर भी सुझाव एवं विचार प्रस्तुत किए गए। उपस्थित पदाधिकारियों ने संगठन को और मजबूत करने तथा पेंशनधारियों की समस्याओं के निराकरण हेतु संयुक्त प्रयास करने की बात कही।

# कवियों ने सुनाई हास्य, वीर रस की कविताएं, लोट-पोट हुए श्रोता

**लोरमी।** ग्राम धौराभाठ के महामाया परिसर में हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कवियों ने अपनी कविताओ में हास्य, व्यंग ,गीत, गज़ल ,और देशभक्ति पूर्ण कविताओं से श्रोताओं को गुदगुदाया और सामाजिक व राजनीतिक पहलुओं को जागृत किया।

मुख्य अतिथि वर्षा विक्रम सिंह ने सम्बोधित करते हुए कहा कि धौराभाठ जैसे छोटे से गांव में कवि सम्मेलन की परंपरा का सूत्रपात करनें वाला आयोजन बताया। स्वागत भाषण विनय साहू सदस्य प्रदेश भाजपा ने किया, आभार आयोजन समिति के अध्यक्ष टेकलाल साहू नें किया। इस दौरान छत्तीसगढ़ के विभिन क्षेत्रों से आए कवि डी. कृष्णा भारती (हास्य) नादघाट, ईश्वर साहू₹ आरूग₹ (बेमेतरा ), शशी भूषण ₹स्नेही (हास्य) बिलाईगढ़, सुनील शर्मा नील वीर रस (थानखम्हरिया), सोमप्रभा नूर श्रृंगार (कोटा)और संस्कार साहू ,(लोरमी) ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संरक्षक विनय साहू प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा, मुख्य अतिथि वर्षा विक्रम सिंह अध्यक्ष जनपद लोरमी, शांति देवचरण भास्कर, विशिष्ट अतिथि सुजीत वर्मा अध्यक्ष नगर पालिका सुजीत वर्मा, राजेन्द्र साहू उपाध्यक्ष जनपद ,लेखराज ठाकुर मंडल अध्यक्ष गोंड़खमही, राजेंद्र साहू मंडल अध्यक्ष डिंडोरी, दिनेश कश्यप मडंल अध्यक्ष देवरहट भाजपा, अशोक जयसवाल उपाध्यक्ष नगर पालिका ,विनोद राजपूत पूर्व पार्षद, मिनेश मेहर सरपंच, साहूकार साहू उपसरपंच, दामोदर साहू, लेखराम साहू, संतोष धुर्वे, भुवन साहू, सुरेश साहू, अभिजीत तिवारी, नरेन्द्र राठौर सहित बड़ी संख्या में श्रोता उपस्थित रहे।




**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर**

**//सीमांकन सूचना//**

प्रति,
1. श्रीमती लक्ष्मी बाई पति परमेश्वर लाल 2. मेरी पुष्पा एक्का पति एन्थोनी एक्का 3. उषा कौशिक पति सनत कौशिक 4. अनिका पुरी पिता प्रवेश पुरी 5. प्रहलाद सिंह खुसरो पिता सकलसिंह 6. संगीता यादव पति झम्मन यादव 7. अंशु पुरी पिता प्रवेशपूरी 8. राजू बजाज 9. सुभाष राजपूत 10. सुशील पिता हरवंश लाल 11. प्रशांत नारंग पिता मनोहर लाल नारंग

विषय :- सीमांकन/स्थल जाँच में उपस्थित रहने बाबत।

संदर्भ :- न्यायलय तहसीलदार/अति. तह./ना. तह. के ज्ञापन दिनांक 22/10/2025

संदर्भित विषयान्तर्गत ज्ञापन के पालन में ग्राम उसलापुर, प.ह.न. 60 रा.नि.म. सकरी तह. सकरी जिला बिलासपुर के अंतर्गत खसरा न. 288/10 रकबा 0.0140 एकड़/हेक्टेयर भूमि स्वामी लक्ष्मी बाई पिता/पति परमेश्वर लाल निवासी सिंचाई कॉलोनी (सकरी) के द्वारा सीमांकन/स्थल जांच का आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त भूमि का सीमांकन/स्थल जांच दिनांक 24/11/2025 को समय 11 से 5 बजे किया जाना जावेगा।

अतः आप सभी भूमि संबंधी समस्त दस्तावेज बैनामा पत्रक सहित नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होवें। अनुपस्थिति की दशा में आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। अतः सूचना जाने।

**राजस्व निरीक्षक सकरी**



**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

क्रमांक/ /अति.तह./ वा./2025
बिलासपुर, दिनांक 17/11/2025

ग्राम तिफरा के सर्व साधारण/आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम तिफरा प.ह.न. 40 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.न. 624/26 रकबा 434 वर्गफिट एकड़ भूमि की अभिलेख सुधार के लिए श्री विजय कुमार देशमुख आ. स्व. श्री एन.एस. देशमुख निवासी नेहरू नगर द्वारा आवेदन किया गया। यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 24/11/25 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे। आज दिनांक 17/11/2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**



**आम सूचना का खण्डन**

हम आर.सी.लालवानी पिता स्व.प्रताप राय लालवानी एवं श्रीमती मंजू लालवानी पति आर.सी.लालवानी अशोक चतुर्वेदी पिता आर.एन. चतुर्वेदी की अधिवक्ता सुश्री रूचि नागर द्वारा दैनिक समाचार पत्र हरिभूमि दिनांक 08/11/2025 को प्रकाशित आम सूचना का निम्नानुसार खण्डन करते हैं उपरोक्त आम सूचना पूरी तरह असत्य एवं भ्रामक है वास्तविक तथ्य यह है कि खण्डनकर्त्तागणों के पक्ष में न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश के अतिरिक्त द्वितीय अतिरिक्त व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी बिलासपुर छ.ग. (पीठासीन अधिकारी श्रीमान कृष्ण मुरारी शर्मा) के निराकृत व्यवहार वाद क्रमांक 20(अ)/2017 दिनांक 06/10/ 2025 को निर्णय एवं डिक्री पारित करते हुये आम सूचना वर्णित विनोबा नगर स्थित खसरा नंबरों की भूमि को खण्डनकर्त्तागणों (वादीगणों) के स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि होना मानकर अशोक कुमार चतुर्वेदी (प्रतिवादी) के विरुद्ध उपरोक्त भूमि पर स्वतः अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा विधिक उत्तराधिकारी अथवा वारिसान को खण्डनकर्त्तागणों की उक्त वाद भूमि में प्रवेश करने से अथवा हस्तक्षेप करने से स्थायी निशेधाज्ञा के माध्यम से निषेधित किये जाने की डिक्री पारित की गई है व उक्त डिक्री पूरी तरह वैधानिक अस्तित्व में है व किसी भी अपर न्यायालय द्वारा उक्त निर्णय एवं डिक्री को निरस्त नहीं किया गया है उसके बावजूद भी अशोक कुमार चतुर्वेदी (प्रतिवादी) उक्त वाद भूमि में सार्वजनिक नोटिस के नाम से भ्रामक पाम्पलेट चस्पा कर हस्तक्षेप किया जा रहा है व उस पर अवैध कब्जा करने की साजिश कर रहा है जो अपराधिक कृत्य है यदि अशोक चतुर्वेदी द्वारा कोई आम सूचना वर्णित सिविल अपील की गई होगी तो भी उसे उक्त अपील दायर कर देने से आम सूचना प्रकाशित करने एवं कथित सार्वजनिक नोटिस प्रकाशित कर चस्पा करने का विधिक अधिकार प्राप्त नहीं होता है आम सूचना प्रकाशितकर्ता की कथित खसरा नंबर 766/16 रकबा 2600 वर्गफुट भूमि पर किसी भी न्यायालय द्वारा आज तक कोई निर्णय या डिक्री पारित नहीं की गई है उपरोक्त आम सूचना प्रकाशितकर्त्ता अशोक कुमार चतुर्वेदी ने अपनी कथित भूमि के खसरा नंबर 766/16 रकबा 2600 वर्गफुट के संबंध में जानबूझकर आम सूचना एवं सार्वजनिक नोटिस में जानकारी छिपाई है आम सूचना खण्डनकर्ता की भूमि को अपनी स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमियां बताने का प्रयास किया गया है जो पूरी तरह आपराधिक कृत्य है अतः उक्त आम सूचना का खण्डन किया जाता है। अस्तु सूचना जावें।

**भवदीय**
**आर.सी.लालवानी एवं श्रीमती मंजू लालवानी**
**मो.नं. 9039075055**



**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक /क/अति.तह./वाचक/2025
बिलासपुर, दिनांक 14/11/2025
रा.प्र.क्र........../अ-6/2025-26
ग्राम-धुमा, प.ह.नं.45

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम धुमा, प.ह.नं. 45, रा.नि.मं. सिरगिट्टी, तहसील बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) के आम जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा धुमा, प.ह.नं.45, रा.नि.मं. सिरगिट्टी तहसील बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नं. 203/2 रकबा 0.0400 हेक्टेयर को आवेदक श्री श्याम भरोस पिता स्व.रामभरोस, जाति-सतनामी निवासी धुमा, तहसील बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत बिक्री पत्र के माध्यम से क्रय करने के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति/दावा हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 4/12/2025 समय 11.00 बजे उपस्थित होकर आपत्ति/दावा पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

**अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**



**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक /क/अति.तह./वाचक/2025
बिलासपुर, दिनांक 14/11/2025
रा.प्र.क्र........../अ-6/2025-26
ग्राम-धुमा, प.ह.नं.45

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम धुमा, प.ह.नं. 45, रा.नि.मं. सिरगिट्टी, तहसील बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) के आम जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा धुमा, प.ह.नं.45, रा.नि.मं. सिरगिट्टी तहसील बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नं. 7 रकबा 0.0120 हेक्टेयर को आवेदक श्री श्याम भरोस पिता स्व.रामभरोस, जाति-सतनामी निवासी धुमा, तहसील बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत बिक्री पत्र के माध्यम से क्रय करने के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति/दावा हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 4/12/2025 समय 11.00 बजे उपस्थित होकर आपत्ति/दावा पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

**अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**



**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**विवाह सूचना का प्रकाशन**

क्रमांक क/ वाचक/अति-कले/2025,
बिलासपुर, दिनांक 13.11.2025

श्री अभिषेक पाण्डेय आत्मज श्री शशिभूषण पाण्डेय उम्र 22 वर्ष निवासी आदर्श नगर सिरगिट्टी थाना सिरगिट्टी तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) एवं कुमारी माधवी साहू आत्मजा श्री शिवेन्द्र साहू उम्र 20 वर्ष निवासी मोपका थाना सरकण्डा तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनॉक 15.12.2025 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।

संलग्न : सूचना पत्र



अभिषेक पाण्डेय



माधवी साहू

**विवाह अधिकारी बिलासपुर (छत्तीसगढ़)**



**न्यायालय नायब तहसीलदार सकरी, तहसील सकरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

ग्राम- पथराली, तह. सकरी
जिला-बिलासपुर छ.ग.

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता ग्राम पथराली को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजकुमार पिता वेदूराम निवासी ग्राम खरकेना तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम पथराली प.ह.नं.35 रा.नि.मं. अमसेना स्थित भूमि ख.नं.12/1 रकबा 3.30 एकड़ भूमि स्थित है। अनावेदकगण के दादा ताराचंद दुबे द्वारा 3.30 में से 2.50 एकड़ भूमि को आवेदक को पूर्ण प्रतिफल प्राप्त कर पंजीकृत विक्रय पत्र के द्वारा दिनांक 06.07.1993 को निष्पादित किया है। उक्त भूमि का नामांतरण हो चुका है। अनावेदकगणों के द्वारा अवैधानिक रूप से दर्ज करा लिया गया है। ग्राम पथराली स्थित भूमि ख.नं. 12/1 रकबा 3.30 एकड़ में से 2.50 एकड़ आवेदक के नाम पर दर्ज किये जाने हेतु आवेदन इस न्यायालय में पेश किया है। इस ईश्तहार के माध्यम से दावा/ आपत्ति आमंत्रित किया जाता है।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 27.11.25 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त तिथि पश्चात दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12.11.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**उप तहसील सकरी, तहसील सकरी**



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202507250500030 अ-6/2024-25 ग्राम परसिया प.ह.नं. 13

**नोटिस**

प्रति,
लक्ष्मी बाई पति अरूण कुमार दुबे, निवासी गली नंबर-6, बंगालीपारा, सरकंडा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

द्वारा प्र.क्र. आपको एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक गण राजेन्द्र प्रसाद पाण्डे पिता स्व. जगन्नाथ प्रसाद पाण्डे निवासी ग्राम परसिया तहसील पथरिया जिला मुंगेली (छ.ग.) एवं 01 अन्य द्वारा माननीय राजस्व मण्डल छत्तीसगढ़ बिलासपुर के आर.डब्लू./25/आर/अ-6/13/2023 पक्षकार: मृत लोकनाथ /सुरेन्द्र पाण्डेय व अन्य बनाम मृत जगन्नाथ/राजेन्द्र व अन्य में पारित आदेश दिनांक 15/01/2025 के परिपालन में कार्यवाही किये जाने बाबत आवेदन पत्र मय माननीय राजस्व मण्डल बिलासपुर द्वारा पारित आदेश दिनांक 15/01/2025 की प्रमाणित प्रतिलिपि प्रस्तुत किया गया है। जिसकी सुनवाई तिथि 01/12/2025 को प्रातः 11 बजे नियत है। अतः आप प्रकरण की सुनवाई तिथि एवं नियत समय पर मेरे न्यायालय में उपस्थित होवे। नियत तिथि में उपस्थित नहीं होने पर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 14/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से नोटिस जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)**



**आम सूचना**

मौजा सिरगिट्टी, प.ह.न. 41, रा.नि.म. सिरगिट्टी, तहसील बिलासपुर, अंतर्गत नगर पालिका निगम बिलासपुर, जिला बिलासपुर छ0ग0 क्षेत्रांतर्गत स्थित भूमि ख.न. 598/7 क्षेत्रफल 0.21 एकड भूमि है जिसे श्री रामलाल खुराना पिता स्व. श्री गुरूदितामल निवासी हरिकिशन कालोनी तारबहार बिलासपुर छ.ग. के द्वारा श्री विवेक खुराना पिता श्री के.एल. खुराना निवासी हरिकिशन कालोनी तारबहार बिलासपुर छ.ग. के पक्ष में दान पत्र दिनांक 12/06/2014, ग्रंथ क्रमांक 24857, पंजीयन क्रमांक 1487 पंजीयन कार्यालय बिलासपुर छ.ग. के माध्यम से दान किया गया है। जिसे श्री विवेक खुराना द्वारा श्रीमती अनिशा कौर वगै. को विक्रय किया गया हैं। वर्तमान में उक्त भूमि पर श्रीमती अनिशा कौर, श्रीमती किरणदीप होरा एवं श्रीमती स्वर्णदीप होरा का मालिकाना हक व कब्जा है। उक्त विक्रय पत्र श्रीमती अनिशा कौर से कही गुम हो गया है। श्रीमती अनिशा कौर द्वारा उक्त भूमि को बंधक कर बैंक आफ बडौदा शाखा मेन ब्रांच बिलासपुर, जिला बिलासपुर छ.ग.से ऋण लिये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूमि के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निगम, निकाय, वित्तिय संस्थान, बैंक, समिति को कोई आपत्ति हो तो अविलंब दस्तावेजों के साथ मेरे कार्यालय में एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधी पश्चात आपत्ति अमान्य होगा।

सो सूचना जानें।
दिनांक: 17/11/2025

**भवदीय**
**एम.एल. यादव (अधिवक्ता)**
**एमआईजी-2/14, नर्मदा नगर, बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो.9300325314**



**न्यायालय तहसीलदार बोदरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार/प्रकाशन**

क्रमांक / 64/ वा.तह./25
बोदरी दिनांक 10/11/2025

एतद् द्वारा ग्राम बोदरी तहसील बोदरी जिला बिलासपुर के सर्वसाधारण/आम जनता को सूचित किया जाता है। आवेदिका दिव्या ध्रुव पिता स्व. भरतलाल जाति गोड़ (अनु.ज.जा.) निवासी बोदरी पोस्ट चकरभाठा तहसील बोदरी जिला बिलासपुर छ.ग. द्वारा अपने स्वामित्व एंव आधिपत्य की ग्राम बोदरी म.न. 02 प.ह.न. 01 रा.नि.म. बोदरी तहसील बोदरी जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 326/1 में सें रकबा 0.47 एकड़ एवं म.न. 05 खसरा नंबर 336/3 रकबा 0.01 एकड़, खसरा नंबर 336/4 रकबा 0.01 एकड़ कुल रकबा 0.49 एकड़ को राशि की आवश्यकता होने कारण गैर आदिवासी के पास विक्रय की अनुमति हेतु छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (6) के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पत्र के अनुसार आवेदिका ने आवेदित भूमि को गैर आदिवासी क्रेता तुलसी दास कुलदीप पिता स्व. श्यामदास कुलदीप निवासी नगर पंचायत बोदरी वार्ड 09 पो. चकरभाठा कैम्प तहसील बोदरी जिला बिलासपुर छ.ग. के पास विक्रय करने की अनुमति चाही गई है, जो कण्डिकावार जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किये जाने हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बिल्हा के माध्यम से प्राप्त हुआ है। अतः इस संबंध मे किसी भी व्यक्ति अथवा/आम जनता को दावा/आपत्ति हो तो दिनांक 27/11/2025 के पुर्व इस न्यायालय मे दावा/आपत्ति कर सकता है। समयावधि पश्चात दावा /आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 10/11/2025 को मेरे हस्तक्षर एवं न्यायालय के सील एंव पदमुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**बोदरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**



**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर**

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा पं. दीनदयाल आवास योजनान्तर्गत, मंगला बिलासपुर में निर्मित भवनों में से भवन क्रमांक एल.आई.जी.-601, आबंटी श्रीमती धनकुवंर ध्रुर्वे पति स्व.श्री सी.एस.ध्रुर्वे, को आबंटित है। आबंटी श्रीमती धनकुवंर ध्रुर्वे की दिनांक 06.10.2017 को मृत्यु हो गई है। आबंटी के पुत्रवधु श्रीमती कविता ध्रुर्वे पति श्री स्व. बसंत ध्रुर्वे द्वारा पारिवारिक सहमति के आधार पर उक्त भवन को नामांतरण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

यदि किसी व्यक्ति/ शासकीय / अर्द्धशासकीय/ संस्था आदि को इस भवन के नामांतरण/ हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा / आपत्ति कर सकता है, अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल द्वारा नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण / हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर**

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, मंगलवार 18 नवंबर 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




एजुकेशन

## केंद्रीय व नवोदय विद्यालयों में आवेदन शुरू, 10 हजार पदों पर होगी भर्ती

**बिलासपुर।** केंद्रीय विद्यालयों एवं नवोदय विद्यालयों में टीचिंग एवं नॉन टीचिंग के पदों पर नौकरी का सपना देखने वाले उम्मीदवारों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। दरअसल, सीबीएसई की ओर से केंद्रीय विद्यालयों एवं नवोदय विद्यालयों में 10 हजार से ज्यादा पदों पर भर्ती के लिए ऑफिशियल नोटिफिकेन जारी किया गया है। आधिकारिक अधिसूचना के तहत KVS/NVS विद्यालय में टीचिंग एवं नॉन टीचिंग के कुल 14,967 पदों पर भर्ती की जाएगी। इन पदों पर ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 14 नवंबर से शुरू हो गई है। साथ ही इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर 04 दिसंबर तक आवेदन कर सकते हैं। यह परीक्षा कुल 2 घंटे के लिए आयोजित कराई जाएगी। इस परीक्षा में सफल हुए उम्मीदवारों के लिए टियर-2 परीक्षा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 100 अंकों के 70 प्रश्न पूछे जाएंगे।




### यह है पात्रता

टीजीटी, पीजीटी एवं प्रिंसिपल के पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों के पास भारत के किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से स्नातक, स्नातकोत्तर एवं बीएड या एमएड की डिग्री होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त नॉन टीचिंग के पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों के पास स्नातक या स्नातकोत्तर व अन्य निर्धारित पात्रताएं होनी चाहिए। आवेदन करने के लिए आयु पदानुसार निर्धारित की गई है। आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों की न्यूनतम आयु 18, 30 व 35 वर्ष और अधिकतम आयु 40, 45, व 50 वर्ष निर्धारित की गई है। उम्मीदवारों को आयु-सीमा में छूट भी दी जाएगी। एससी एवं एसटी उम्मीदवारों को पांच वर्ष की छूट, ओबीसी उम्मीदवारों को तीन वर्ष की छूट और दिव्यांग उम्मीदवारों को 10 वर्ष की छूट दी जाएगी।

# स्वादिष्ट व्यंजन बनाकर प्रतिभागियों ने दिखाई प्रतिभा

साईंस कॉलेज मैदान में चल रहे स्वदेशी मेले के चौथे दिन सोमवार को व्यंजन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें उड़द दाल युक्त मीठा व नमकीन व्यंजन बनाने थे। प्रतिभागियों ने इसका ध्यान रखते हुए उड़द दाल का बड़ा, रसगुल्ला, जलेबी, दही-बड़ा, मंगोड़ी, पास्ता, रिक्वच की कढ़ी, मीठा पीठा बना कर इसका प्रदर्शन किया। निर्णायकों ने इसका अवलोकन कर स्वाद चखा एवं उनकी इस कुकिंग कला की सराहना की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नमकीन व्यंजन प्रभारी जूही वर्मा, आशा निर्मलकर, मीठा व्यंजन प्रभारी कविता वर्मा, लोकेश्वरी राठौर ने संयुक्त रूप से बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने उत्साह से भाग लिया और भव्य डेकोरेशन के साथ उड़द दाल से तैयार व्यंजनों का प्रदर्शन किया। निर्णायकों ने स्वाद, डेकोरेशन व स्वच्छता के आधार पर अपना निर्णय दिया।

इस प्रतियोगिता में भी प्रथम, द्वितीय, तृतीय इनाम के साथ ही सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि व्यंजन प्रतियोगिता 2 वर्गों में आयोजित की गई। वर्ग अ मीठा व वर्ग ब नमकीन व्यंजनों का प्रदर्शन किया गया। निर्णायक की भूमिका में चन्द्रकिरण बाजपेयी, एश्वर्य लक्ष्मी बाजपेयी नमकीन, संध्या शर्मा, पदमा देवांगन मीठा रहीं।

### प्रतियोगिता में मीठा, नमकीन व्यंजनों का प्रदर्शन, मिली सराहना





### ग्रीनली डेकोरेशन रही दर्शनीय

प्रतिभागी नेहा डोडेजा ने फल, फूल से ग्रीनली डेकोरेशन के साथ इमरती, इडली, आइस्क्रीम का प्रदर्शन किया। इसे सभी ने पसंद किया। नेहा को विविध तरह के पकवान बनाने में काफी रूचि है। उसे इस आयोजन का बेसब्री से इंतजार रहता है।

### मूक-बधिर बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

व्यंजन स्पर्धा में मूक-बधिर बच्चों ने भी भाग लिया। इन्होंने उड़द दाल युक्त छेने की मिठाई, बड़ा, लड्डू बनाकर अपने कला प्रतिभा का परिचय दिया। इन बच्चों के प्रयास की सभी सराहना की।

### आज मेहंदी स्पर्धा

18 नवंबर मंगलवार को दोपहर 2 से 3 बजे तक मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। मेहंदी प्रतियोगिता दो वर्गों में आयोजित की जाएगी। वर्ग अ 10 से 17 वर्ष तक, वर्ग ब में 17 वर्ष से अधिक की प्रतिभागी भाग ले सकेंगे।

### इनका रहा सहयोग

प्रतियोगिता को सफल बनाने में अरूणा दीक्षित, किरण मेहता, मीना गोस्वामी, रीटा भामरे, मीनाक्षी बोबर्डे, पूनम श्रीवास, दीप्ति बाजपेयी, लता गुप्ता, पुष्पिका गोस्वामी, प्रीति पानसे, जया धर, अर्चना कर्डेकर, रागिनी जोशी, संगीता, प्रिया रेड्डी, निहारिका त्रिपाठी, गीता रजक, मनीषा मिश्रा, प्रभा बाजपेयी, कविता वर्मा, लोकेश्वरी राठौर, संध्या सिंह, प्रतिभा शर्मा, चंचल, आशा निर्मलकर, कविता वर्मा का सहयोग रहा।

### वॉइस ऑफ बिलासपुर में प्रतिभागियों ने दी बेहतरीन प्रस्तुति







वॉइस ऑफ बिलासपुर जूनियर 5 से 15 वर्ष में 40 से अधिक प्रतियोगियों ने भाग लिया एवं अपनी बेहतरीन प्रस्तुति दी। निर्णायक मण्डल में अर्पिता मुखर्जी, डॉ तोप राज सिंह, गणेश मेहता शामिल रहे। कार्यक्रम संयोजक रिंकू मित्रा, अंकिता मेहता, तुषार पानसे रहे। शाम के कार्यक्रम में अतिथि के रूप में अमरजीत सिंह छाबड़ा अध्यक्ष अल्पसंख्यक आयोग छ.ग. शासन, संजय अग्रवाल जलिाधीश बिलासपुर, रजनेश सिंह वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बिलासपुर उपस्थित थे। कार्यक्रम में मेला संयोजक गुलशन ऋषि, सह संयोजक डॉ देवेंद्र कौशिक, दीप्ति बाजपेयी, ज्योतिंद्र उपाध्याय, स्वागत समिति अध्यक्ष प्रवीण झा, स्वागत समिति सचिव कमल सोनी, प्रफुल्ल शर्मा, गोपाल शर्मा, राकेश चंद्राकार, मनीष, चुन्नी मौर्या, स्वागता सेनगुप्ता, तृप्ति चौहान सहित स्वदेशी मेला समिति के अन्य सदस्यों का सहयोग रहा।

धर्म-क्षेत्र

## संतों का विचार होता है लोकहित के लिए समर्पित : ब्रज चकोरी

**बिलासपुर।** प्रियदर्शनी नगर में चल रहे आध्यात्मिक प्रवचनों में साध्वी ब्रज चकोरी देवी ने कहा कि संतों का जन्म ही दूसरों के कल्याण के लिए होता है। उनका प्रत्येक विचार, कर्म और प्रयास केवल लोकहित के लिए समर्पित होता है। साध्वी ने बताया कि शास्त्रों में स्पष्ट लिखा है कि केवल विद्वान होने से ही कोई महापुरुष नहीं कहलाता है। महापुरुष वही होता है, जिसे शाब्दिक ज्ञान के साथ आध्यात्मिक ज्ञान भी पूर्ण रूप से हो। उन्होंने कहा कि "सच्चे संतों को कैसे पहचाना जाए, इस महत्वपूर्ण विषय पर आने वाले दिनों में विस्तृत चर्चा की जाएगी। प्रवचन प्रतिदिन सायं साढ़े 6 से 8 बजे 22 नवंबर तक चलेगा।



22 को होगा समापन

## व्यक्तिगत अनुशासन से रोकी जा सकती हैं दुर्घटनाएं : स्वाति

### राजयोग भवन में मनाया गया विश्व यादगार दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय बिलासपुर की मुख्य शाखा टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन, में सड़क दुर्घटनाओं में मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु "विश्व यादगार दिवस" का आयोजन किया गया। इसमें बीके स्वाती दीदी ने कहा कि व्यक्तिगत अनुशासन से अनगिनत दुर्घटनाएं रोकी जा सकती हैं।



इस विशेष अवसर पर सेवा केंद्र संचालिका बीके स्वाति दीदी ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में मृतकों के लिए विश्व यादगार दिवस प्रत्येक वर्ष नवंबर के तीसरे रविवार को मनाया जाता है। यह दिन उन सभी लोगों की स्मृति को समर्पित है, जिन्होंने सड़क दुर्घटनाओं में अपनी जान गंवाई या गंभीर रूप से घायल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत मौन धारण और शांति-पाठ से हुई। जिसमें उपस्थित सभी लोगों ने दुर्घटना में दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी और उनके परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। बीके स्वाति दीदी ने कहा कि "मात्र कुछ क्षणों के असावधान व्यवहार से एक पूरा परिवार जीवन भर के दुखों में डूब सकता है। सड़क पर सावधानी, संयम और संवेदनशीलता ये तीन गुण किसी भी दुर्घटना को टाल सकता है।

उन्होंने आगे बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर में हर वर्ष लगभग 1.3 मिलियन लोग सड़क दुर्घटनाओं में अपनी जान खो देते हैं और कई गुना अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं। हर परिवार, हर संस्था और हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह यातायात नियमों का पालन कर अपनी और दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

### राजयोग ध्यान मन को बनाता है स्थिर

बीके स्वाति दीदी ने कहा कि मानव जब तनाव, क्रोध, जल्दबाजी या भ्रम में होता है, तब निर्णय क्षमता प्रभावित होती है। एक तनावग्रस्त या अवसादग्रस्त व्यक्ति ड्राइविंग में गलत निर्णय ले सकता है। इसलिए मन का संतुलन और भावनात्मक स्थिरता भी सड़क सुरक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। राजयोग ध्यान मन को स्थिर, शांत और सजग बनाता है। सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन या सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि यह सामूहिक जिम्मेदारी है। हेलमेट और सीटबेल्ट का प्रयोग, गति सीमा का पालन, मोबाइल फोन का उपयोग न करना, शराब पीकर वाहन न चलाना ये सभी व्यक्तिगत अनुशासन हैं, जिनसे अनगिनत दुर्घटनाएं रोकी जा सकती हैं।

### कराया गया ट्रैफिक मेडिटेशन

दीदी ने सभी उपस्थितों को कुछ मिनटों का ट्रैफिक मेडिटेशन भी कराया। जिससे लोगों ने मन की गहराई में शांति और जागरूकता का अनुभव किया। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने संकल्प लिया कि वे न केवल स्वयं नियमों का पालन करेंगे बल्कि अपने परिवार, पड़ोस और समाज को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे।

## भैरव जयंती महोत्सव : 56 भोग के साथ पूर्णाहुति

नगर कोतवाल भैरवनाथ मंदिर में चल रहे नव दिवसीय भैरव जयंती महोत्सव के तहत आयोजित रुद्र महायज्ञ की पूर्णाहुति सोमवार को 56 प्रकार के व्यंजनों के साथ की गई। इन नैवेद्यों को अग्नि में समर्पित कर यज्ञ का समापन किया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



प्रदेश के अलग-अलग जिलों से बड़ी संख्या में आए श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुतियां अर्पित कर पूजा-अनुष्ठान में शामिल हुए। रुद्र महायज्ञ के औपचारिक समापन के बाद महोत्सव में अन्य धार्मिक क्रियाएं और पूजा पाठ जारी रहेगा।

अंतिम दिन 19 नवंबर को 151 कन्याओं व ब्राह्मणों का पूजन तथा भव्य महाभंडारा होगा। वहीं महोत्सव के अंतर्गत मंगलवार 18 नवंबर को भगवान शिव के सहस्त्र अर्चन का विशेष अनुष्ठान भी आयोजित किया जाएगा। इस परंपरागत पूजा में भक्त एक हजार बेलपत्र, एक हजार फल, एक हजार फूल तथा एक हजार द्रव्य (सिक्के) अर्पित करेंगे। यह अनुष्ठान भगवान शिव की आराधना का अत्यंत महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है और बड़ी संख्या में श्रद्धालु इसके साक्षी बनने मंदिर पहुंचेंगे। रुद्र महायज्ञ और अन्य धार्मिक अनुष्ठानों का संचालन आचार्य गिरधारीलाल पाण्डेय एवं उनके सहयोगी, पं. रामगोपाल दुबे, राहुल द्विवेदी, पं. गौरीशंकर तिवारी, पं. हर्ष तिवारी, पं. घनश्याम शास्त्री, पं. अंश निवारी, पं. मदन, गोपाल पांडेय, पं. राहुल पाण्डेय, पं. हितेश तिवारी और आलोक पाण्डेय द्वारा किया जा रहा है। इसके अलावा मध्यप्रदेश के झांसी से राकेश स्वामी और जबलपुर से पं. प्रमोद दुबे ने भी यज्ञ संचालन में योगदान दिया। महोत्सव को सफल बनाने में मंदिर समिति के सदस्य दिलीप दुबे, पं. महेश्वर पाण्डेय, पं. राजेंद्र दुबे, पं. कान्हा तिवारी, विक्की, राजेश्वर मिश्रा, श्री अवस्थी और सोनू सक्रिय भूमिका निभाई।

सोमवार को यज्ञ में आहुतियां अर्पित करते श्रद्धालु



### आज लगेगा आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर

मंदिर परिसर में मंगलवार 18 नवंबर को आयुर्वेद विभाग द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा। इसमें आने वाले सभी श्रद्धालुओं और आसपास के ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श, प्राथमिक जांच कर आयुर्वेदिक दवाइयों का मुफ्त वितरण किया जाएगा। यह शिविर सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक चलेगा।

कार्यक्रम

## संस्कार भारती ने कराया खेल, विजेता पुरस्कृत



**बिलासपुर।** संस्कार भारती द्वारा इस वर्ष भी दीपावली परिवार मिलन सह वन संचार का आयोजन अरपा भैंसाझार जलाशय में संपन्न हुआ। इस दौरान सामूहिक खेल का आयोजन वर्षा श्रीवास्तव के नेतृत्व में किया गया। जिसमें कुर्सी दौड़, चम्मच दौड़, माला पहनाओ खेल शामिल रहा। प्रथम सत्र की अध्यक्षता गजानन वासुदेव फड़के जिला अध्यक्ष संस्कार भारती ने की। मुख्य अतिथि जागेश्वर मानसर मुख्य वक्ता सुनील सिंह चौहान थे। मुख्य वक्ता श्री चौहान ने कहा कि व्यक्ति परिवार के लिए है, परिवार समाज के लिए और समाज राष्ट्र के लिए है। आज कुटुंब प्रबोधन के भाव को समझकर पारिवारिक बिखराव को रोककर इसे पुनः स्थापित करने की महती आवश्यकता है। डा. विश्वनाथ कश्यप, बलराम पांडेय एवं अन्य वक्ताओं ने भी अपनी बात रखी। श्री फड़के ने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं को अपनाकर हम राष्ट्र के लिए अपना योगदान दे सकते हैं। जागेश्वर सिंह मानसर ने कहा कि संस्कार भारती इस तरह के आयोजनों से समाज में समरसता और राष्ट्रीयता की भावना को उन्नत करने का कार्य करती है। द्वितीय एवं समापन सत्र का आयोजन आरके रात्रे के मुख्य आतिथ्य में किया गया। जिसमें सभी विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन मुकेश श्रीवास्तव एवं आभार प्रदर्शन बालमुकुंद श्रीवास ने किया।

### ये रहे विजेता

कुर्सी दौड़ महिला वर्ग में प्रथम आशा कश्यप, द्वितीय आशा चंद्राकर, तृतीय पद्मा देवांगन, पुरुष वर्ग में प्रथम धीरज, द्वितीय यागवेन्द्र, तृतीय विश्वनाथ कश्यप, बालक वर्ग में प्रथम सोनू, द्वितीय रागिनी, तृतीय अर्णव, चम्मच दौड़ महिला वर्ग में प्रथम तिपरना देवांगन, द्वितीय लक्ष्मी शांडिल्य, तृतीय अंजली तिवारी, पुरुष वर्ग में प्रथम अरुण, द्वितीय भुवनेश्वर, बालमुकुंद, तृतीय विजय पाठक, बालक वर्ग में प्रथम अर्णव, द्वितीय आशी, तृतीय अंकिता रहे।

## डीपीएस पीपीडब्ल्यू विंग के बच्चों का पिकनिक







**बिलासपुर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल पीपी डब्ल्यू विंग के छात्रों ने आज कानन पंडारी में पिकनिक मनाते हुए दिन भर खूब मस्ती की। इस पिकनिक का उद्देश्य बच्चों को प्रकृति और जीव जंतुओं के करीब लाना था। कानन पंडारी पहुंचकर बच्चों ने हरे भरे वातावरण का आनंद लिया और खुले मैदानों में विभिन्न खेलकूद गतिविधियों में भाग लिया।

पिकनिक के दौरान बच्चों ने कई जंगली जानवरों को भी देखा जिनके बारे में शिक्षिकाओं ने रोचक जानकारी दी। इससे बच्चों ने वन्य जीवों के प्रति उत्सुकता और जागरूकता बड़ी। बच्चों ने अपने साथ लाया टिफिन मिल बांटकर खाया और दोस्तों के साथ भोजन का आनंद लिया। यह पल बच्चों के लिए बेहद खुशी भरा रहा। शिक्षकों ने बच्चों के साथ मजेदार खेल आयोजित किया। जिसमें सभी ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। स्कूल प्रबंधन ने बताया कि इस तरह के शैक्षणिक भ्रमण बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, बच्चों ने पिकनिक का भरपूर आनंद लिया और यह दिन उनके लिए यादगार बन गया।

स्पोर्टर्स न्यूज

## इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में 16 स्कूलों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अचीवर्स पब्लिक स्कूल गतौरी में इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इसमें 16 स्कूलों ने भाग लिया। इसका पहला सेमीफाइनल अचीवर्स पब्लिक स्कूल गतौरी और लोयला स्कूल के मध्य खेला गया। जिसमें अचीवर्स स्कूल ने जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया।

अरुण दुबे ने बताया कि दूसरा सेमीफाइनल मैच कृष्णा पब्लिक स्कूल कोनी और एलसीआईटी स्कूल के मध्य खेला गया। जिसमें कृष्णा पब्लिक स्कूल ने मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। क्रिकेट महाकुंभ का फाइनल मैच अचीवर्स पब्लिक स्कूल और कृष्णा पब्लिक स्कूल के मध्य खेला गया। जिसमें कृष्णा पब्लिक स्कूल ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए फाइनल मुकाबले में जीत अपने नाम किया। मैच के मैन ऑफ द मैच और सीरीज दोनों विनय हंसराजनी कृष्णा पब्लिक स्कूल रहे। इनको 3,333 रुपए और ट्रॉफी दी गई। बेस्ट बैट्समैन शर्व पाण्डेय अचीवर्स पब्लिक स्कूल को 1,111 रुपए व ट्रॉफी, बेस्ट बॉलर अनंत प्रताप सिंह कृष्णा पब्लिक स्कूल को 1,111 व ट्रॉफी, बेस्ट फील्डर सौमित्र शर्मा अचीवर्स पब्लिक स्कूल को 1,111 रुपए व ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। फाइनल मैच के मुख्य निर्णायक अनुराग शुक्ला और जतिन रहे। स्कोरिंग में शिवा राव, प्रीति भुरंगी, संचालन में रविन्द्र रात्रे, श्रुति यादव ,प्रिया सिंह एवं अचीवर्स पब्लिक स्कूल गतौरी के सभी शिक्षकवृंद ने अपना पूरा सहयोग देकर इस पूरे मैच को संपन्न कराया।

स्कूल के डायरेक्टर चंद्रराज चौहान ने अपने उद्बोधन में इस क्रिकेट टूर्नामेंट की जमकर सराहना करते हुए अगले साल इससे भी बड़ा आयोजन कराने का आश्वासन मंच से सभी खिलाड़ियों को दिया।

### विजेता टीम को नगद व ट्रॉफी देकर किया गया सम्मानित




### ये रहे अतिथि

फाइनल मैच के मुख्य अतिथि विजय केशरवानी, नीरज जायसवाल, वीरेंद्र चौहान स्कूल डायरेक्टर, प्रीति चौहान प्राचार्य, रंजीत चौहान, संतोष साहू , चंद्रराज चौहान डायरेक्टर अचीवर्स पब्लिक स्कूल, मिकूँ मिश्रा उपप्राचार्या अचीवर्स पब्लिक स्कूल, देविका चौहान को-डायरेक्टर अचीवर्स पब्लिक स्कूल, प्रशंसा शुक्ला थे। फाइनल विजेता टीम के खिलाड़ियों को 11,111 रुपए व चैंपियन ट्रॉफी तथा उपविजेता टीम को 8,888 रुपए और रनरअप ट्रॉफी से अतिथियों ने नवाजा। अतिथि विजय केशवानी ने बच्चों को खेल में आगे बढ़ने के लिए शुभकामनाएं दी और अगले बार भी इंटर स्कूल में आने का वादा किया। साथ ही इनामी राशि अगले बार उनके द्वारा देने की घोषणा की गई।

खबर संक्षेप

## मकान के सेकेंड फ्लोर में आग, मचा हड़कंप



**बिलासपुर।** टिकरापारा में एक मकान के सेकेंड फ्लोर में आग लगने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। एसडीआरएफ की टीम दो दमकल लेकर मौके पर पहुंच गई। संकरी गली होने से पाइन लाइन जोड़कर आग पर काबू पाया गया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार, सोमवार की रात 8.15 बजे सूचना मिली कि टिकरापारा खटिक मोहल्ला मुर्गी गली निवासी राघवेन्द्र उर्फ बंटी ठाकुर के मकान में आग लग गई है। पुलिस मौके पर पहुंची तो मकान के सेकेंड फ्लोर में आग लगी हुई थी और मौके पर लोगों की भीड़ थी। लोग आग बुझाने के प्रयास कर रहे थे। इधर सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीम दो दमकल लेकर मौके पर पहुंच गई। संकरी गली होने से दमकल मकान तक नहीं जा पाई। पाइप लाइन जोड़कर टीम आग बुझाने के प्रयास में जुट गए। एक घण्टे बाद आग पर काबू पा लिया गया है। सेकेंड फ्लोर के हाल में रखे फर्नीचर व अन्य सामान जल गए हैं।

## गाली देने से मना किया युवक पर चाकू से हमला

**बिलासपुर।** गाली देने से मना करने से युवक पर चाकू से हमला कर दिया गया है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सकरी पुलिस के अनुसार, शांतिनगर देवार मोहल्ला निवासी पूर्णिमा पति देवेन्द्र कनसाना ने रिपोर्ट लिखाई। 17 नवंबर की सुबह 7.30 बजे वे सेंवई खरीदने के लिए किराना दुकान गई थीं। वहां पर उनके पति देवेन्द्र के साथ प्रियनाथ उर्फ अण्डा विवाद कर रहा था। वे बीच बचाव करने गई तो प्रियनाथ दोनों के साथ गाली गलौज करने लगा। गाली देने से मना करने पर प्रियनाथ उर्फ अण्डा ने उनके पति पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे उनके हाथ की कलाई में चोट आई है। पुलिस ने महिला की रिपोर्ट पर हमलावर युवक के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296,351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## रावत नाचा देखने गए युवक की स्कूटी चोरी

**बिलासपुर।** रावत नाचा देखने गए युवक की स्कूटी को चोरों ने पार कर दिया है। पुलिस चोरों के पतासाजी में जुट गई है। कोतवाली पुलिस के अनुसार, मंगला चौक शिक्षक कालोनी ग्रीन गार्डन निवासी पवन सिंह पिता अजय सिंह 15 नवंबर को दोस्त नवीन यादव, अजय राजपूत के साथ अपनी स्कूटी क्रमांक सीजी 10 ईएन, 7471 से रावत नाचा देखने लाल बहादुर स्कूल गए थे। उन्होंने अपनी स्कूटी खोवा मंडी के पास खड़ी की थी। रावत नाचा देखने के बाद वापस में आए तो उनकी स्कूटी चोरी हो गई थी। पुलिस ने पवन सिंह की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### प्राचार्यों ने दावा-आपत्ति के लिए समय मांगा, 19 नवंबर तक का समय

### एक बार फिर 17 नवंबर से होने वाली प्राचार्यों की काउंसिलिंग टली

# 80 फीसदी स्कूलों में प्राचार्यों की कमी, 126 रिटायर भी हो गए, इससे शैक्षणिक गुणवत्ता पर असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेशभर के पदोन्नत हुए प्राचार्यों की काउंसिलिंग 17 नवंबर से होने वाली थी। लोक शिक्षण संचलनालय ने इस काउंसिलिंग को आगामी आदेश तक स्थगित कर दिया है।

जारी आदेश में बताया गया कि कुछ प्राचार्य दावा-आपत्ति पेश करना चाहते हैं। इसे देखते हुए 17 से 19 नवंबर तक दावा आपत्ति मंगाए गए हैं। इसके निराकरण के लिए 5 सदस्यों की समिति भी बना दी गई है। इधर प्रदेश भर के 80 प्रतिशत स्कूलों में प्राचार्यों की कमी बनी हुई है तो 126 तो ऐसे हैं जो पात्र होने के बाद भी अपनी बारी का इंतजार करते हुए रिटायर भी हो गए हैं। गौरतलब है कि 17 नबंबर से प्राचार्य ई-संवर्ग की काउंसिलिंग प्रक्रिया प्रारम्भ होनी थी। अब लेकिन इसे स्थगित कर संचालनालय में 17 नवम्बर से 19 नवम्बर तक दावा आपत्ति आमंत्रित की गई है। प्राप्त दावा आपत्ति के निराकरण के लिए समिति गठित की गई है। समिति में बी. एल. देवांगन उप संचालक प्रभारी अधिकारी, एच. सी. दिलावर सहायक संचालक , सदस्य, राम जी पाल सहायक संचालक सदस्य सूरज यादव सहायक वर्ग -3, कृष्ण कुमार मेश्राम सहायक वर्ग -3 सदस्य को शामिल किया गया है। समिति 21 नवम्बर को सभी दावा आपत्ति का निराकरण कर अपनी रिपोर्ट संचालक लोक शिक्षण को प्रस्तुत करेगी . इसके बाद काउंसिलिंग की तिथि अलग से जारी की जाएगी।

### प्रिंसिपल प्रमोशन में शिक्षाकर्मियों का संघर्ष

गौरतलब है कि प्रिंसिपल प्रमोशन में शिक्षाकर्मियों का संघर्ष लंबे समय से जारी है। शिक्षाकर्मियों और एलबी संवर्ग को पदोन्नति से बाहर रखने की कोशिशें हो रही थीं। पहले सरकार ने 25% पदों पर शिक्षाकर्मियों को प्राचार्य बनाने का प्रावधान किया था। लेकिन यह पूरी तरह से लागू नहीं हो सका। एलबी संवर्ग के संविलियन के बाद शासकीय व्याख्याताओं के लिए जारी डीपीसी को निरस्त करा दिया। पदोन्नति के लिए वन टाइम रिलेक्सेशन (5) साल की जगह 3 साल का अनुभव) लागू हुआ लेकिन इसका फायदा एलबी संवर्ग को नहीं मिला। इसके लिए शिक्षक संघ के संजय शर्मा के नेतृत्व में टीम ने उच्च न्यायालय और सुप्रीम कोर्ट तक कानूनी लड़ाई लड़ी। सिंगल बेंच में हार के बाद, डबल बेंच में अपील की गई। अनुभव के 5 साल पूरे न मानने पर याचिका दायर की गई। अंत में, 5 साल का अनुभव पूटा होने के बाद मामला मजबूत हुआ।

### प्राचार्य पदोन्नति पारदर्शी व निष्पक्ष हो

छ ग शालेय शिक्षक संघ के संजय शर्मा और वीरेंद्र दुबे ने कहा कि प्राचार्य पदोन्नति में कुछ व्याख्याता अपनी प्रथम नियुक्ति छुपाकर गलत तरीके से अपना पदोन्नति लिस्ट में स्थान पाने में सफल हुए है। पदोन्नति लिस्ट को परीक्षण करने के पश्चात ही काउंसलिंग किया जाए। अंतर्नियोक्ता स्थानांतरण के बावजूद प्रथम नियुक्ति तिथि से वरीष्ठता प्रदान कर पदोन्नति देना नियम विरुद्ध है। संगठन ने मांग की है कि किसी भी स्थिति में नियम विरुद्ध पदोन्नति न हो यह विभाग सुनिश्चित करे।

### बिना पोस्टिंग रिटायर हुए 126 प्रिंसिपल

दूसरी ओर इस प्रक्रिया में देरी के कारण 30 अप्रैल को पदोन्नत हुए 126 प्राचार्य विना पोस्टिंग के रिटायर हो गए। इस महीने लगभग 24 और प्राचार्य रिटायर होने वाले हैं। शिक्षक संगठनों के मुताबिक बिना काम संभाले रिटायर होना शिक्षा विभाग की बड़ी खामियों को दिखाता है। दूसरी ओर पिछले दस सालों से हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलों में प्राचार्य की भारी कमी है। अब लगभग 80% स्कूलों में प्राचार्य नहीं हैं। इन स्कूलों का काम प्रभारी प्राचार्यों, व्याख्याताओं और वरिष्ठ शिक्षकों के भरोसे चल रहा है। इससे शैक्षणिक गुणवत्ता पर असर पड़ रहा है। संकुल और शाला प्रबंधन भी कमजोर हो रहा है।

### एनएसयूआई के घेराव में शामिल हुए विधायक लहरिया व कांग्रेस जिलाध्यक्ष केशरवानी

# सीयू में एनएसयूआई ने किया जमकर बवाल, घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में सोमवार को पूरे दिन बवाल मचा रहा। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने यूनिवर्सिटी के एक छात्र को निष्कासित किए जाने एवं हास्टल के छात्र की संदिग्ध मौत मामले को लेकर यूनिवर्सिटी का घेराव किया। इस दौरान जमकर धक्कामुक्की के साथ हंगामा भी हुआ। इस घेराव में कांग्रेस के मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया व कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय केशरवानी समेत कांग्रेस, यूथ कांग्रेस और एनएसयूआई के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं की भीड़ शामिल रही।

- एनएसयूआई कार्यकर्ताओं व पुलिस वालों के बीच जमकर धक्कामुक्की

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में एनएसयूआई ने आज जमकर बवाल मचाया। एनएसयूआई के पदाधिकारी, कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए यूनिवर्सिटी गेट के पास बनाए गए मंच तक पहुंचे। वहां पर छोटी सी सभा भी हुई। इसके बाद हाथों में एनएसयूआई का झंडा लेकर कार्यकर्ताओं की भीड़ सेंट्रल यूनिवर्सिटी की ओर गई, जहां बेरिकेड को पार कर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं मेनगेट तक पहुंच गए। मेनगेट पर पहले ही यूनिवर्सिटी के सुरक्षा गाड्‌र्स द्वारा ताला बंद कर दिया गया था। गेट के सामने बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात थी इसलिए पुलिस वालों और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं के बीच जमकर धक्कामुक्की हुई। मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया, कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय केशरवानी, ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मीनाथ साहू समेत एनएसयूआई के कुछ कार्यकर्ता मेनगेट के सामने ही नीचे जमीन पर धरने में बैठ गए। करीब दो घंटे तक यह घेराव, हंगाम चलता रहा और एनएसयूआई कार्यकर्ता कुलपति से बात करने अड़े रहे, किन्तु कुलपति आलोक चक्रवाल के बाहर होने के कारण यूनिवर्सिटी प्रबंधन की ओर से अधिकारियों ने आकर बात की।



सेंट्रल यूनिवर्सिटी के गेट के ऊपर चढ़कर अंदर जाने का प्रयास करते कार्यकर्ता।



### लाठीचार्ज की अफवाह पर भागे कार्यकर्ता

यूनिवर्सिटी के घेराव के दौरान एनएसयूआई के कुछ कार्यकर्ता झंडे में लगे प्लास्टिक की पतली पाईप को पुलिस वालों के ऊपर फेंक रहे थे। इसी बीच किसी ने लाठीचार्ज की अफवाह उड़ा दी जिससे घेराव में पीछे की ओर खड़ी कार्यकर्ताओं की भीड़ अचानक पीछे की ओर भागने लगी। कुछ दूर भागने के बाद उन्हें फिर वापस बुलाया गया। यह देख पुलिस वाले भी हंसने से अपने आपको रोक नहीं पाए।

### प्रदर्शनकारियों व प्रबंधन के बीच हुई बातचीत

सेंट्रल यूनिवर्सिटी प्रबंधन की ओर से रजिस्ट्रार प्रो. एएस रणदिवे, छात्र कल्याण अधिष्ठाता, प्रो. शैलेन्द्र सिंह, मीडिया प्रभारी प्रो. मनीष श्रीवास्तव एवं प्रॉक्टर प्रदर्शनकारियों से बातचीत करने आए। एनएसयूआई की ओर से प्रमुख रूप से यूनिवर्सिटी से निष्कासित छात्र सुदीप शास्त्री का निष्कासन रद्द किए जाने और छात्र अर्सलान अंसारी की मौत मामले में जांच एवं एफआईआर सहित सुरक्षा व्यवस्था संबंधी मांग रखी गई। इस पर यूनिवर्सिटी के अधिकारियों द्वारा बताया गया कि छात्र अर्सलान अंसारी के मौत मामले में जांच समिति गठित हो गई है और वह अपना काम कर रही है साथ ही पुलिस जांच भी चल रही है। छात्र सुदीप शास्त्री के निष्कासन को रद्द करने की मांग पर यूनिवर्सिटी के अधिकारियों ने बताया कि निष्कासन का फैसला विद्या परिषद के स्थाई समिति द्वारा लिया गया था, जिसकी बैठक 22 नवंबर को होने वाली है इसलिए यह मुद्दा बैठक में रखा जाएगा।

### सीयू में बदले गए हास्टल अधीक्षक

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में सोमवार शाम को हास्टल अधीक्षकों के प्रभार में फेरबदल किया गया है। हालांकि यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा हास्टलों की प्रशासनिक व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन के दृष्टि से फेरबदल बताया जा रहा है। लेकिन इस फेरबदल को यूनिवर्सिटी में हाल की घटनाओं से जोड़कर देखा जा रहा है। गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार प्रो. एएस रणदिवे द्वारा सोमवार शाम को जारी आदेश के अनुसार छात्रावासों की विभिन्न प्रशासनिक व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन के लिए सक्षम अनुमोदन उपरांत स्वामी विवेकानंद बालक छात्रावास के प्रशासनिक अधीक्षक एवं अधीक्षकों के प्रभार में परिवर्तन किया गया है। इसके तहत डॉ. महेश सिंह ढपोला सह आचार्य शारीरिक शिक्षा विभाग के स्थान पर सिविल इंजीनियरिंग विभाग के आचार्य प्रो. निशांत यादव उनके वर्तमान दायित्व के साथ-साथ स्वामी विवेकानंद बालक छात्रावास का प्रशासनिक अधीक्षक नियुक्त किया गया है। इसी तरह प्रो. जय सिंह आचार्य भौतिकी विभाग को स्वामी विवेकानंद बालक छात्रावास के अधीक्षक के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त कर दिया गया है। डॉ. संजय कुमार भारती सह आचार्य फार्मेसी विभाग के स्थान पर फार्मेसी विभाग के ही आचार्य प्रो. जगदीश सिंह स्वामी विवेकानंद बालक छात्रावास का अधीक्षक नियुक्त किया गया है। डॉ. अमरेन्द्र कुमार सह आचार्य वाणिज्य विभाग के स्थान पर वाणिज्य विभाग के ही सहायक प्राध्यापक डॉ. कुमार आदित्य को वर्तमान दायित्वों के साथ स्वामी विवेकानंद बालक छात्रावास का प्रशासनिक अधीक्षक नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार आईटी विभाग के सहायक प्राध्यापक अग्निवेश पाण्डेय के स्थान पर इलेक्ट्रानिक्स कंम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. श्रवण कुमार पटेल को वर्तमान दायित्वों के साथ स्वामी विवेकानंद बालक छात्रावास का प्रशासनिक अधीक्षक नियुक्त किया गया है।



# नो एंट्री में रेत से भरे हाइवा ने स्कूटी सवार को मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बीती रात नो एंट्री में शहर के अंदर प्रवेश करने वाले रेत से भरे हाइवा के चालक ने स्कूटी सवार को टक्कर मार दी थी, हादसे में युवक की जान चली गई थी। पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है।

16 नवंबर की शाम 6.45 बजे देवरीखुर्द निवासी राधेश्याम सिदार पिता मंशाराम सिदार 45 साल स्कूटी से जा रहे थे। पुराना पावर हाउस चौक के पास मस्तूरी की ओर से रेत लेकर आ रहे हाइवा क्रमांक सीजी 10 बीपी, 9348 के चालक मुलमुला करूमहु निवासी चंद्रेशखर यादव पिता जंतुराम 41 साल ने नो एंट्री में शहर के अंदर प्रवेश कर तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए स्कूटी सवार राधेध्याम को चपेट में ले लिया। पिछले चक्के की चपेट में आने से उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी। जांच में खुलासा हुआ हाइवा नो एंट्री में घुसा था और रेत परिवहन के संबंध में रायल्टी प्रस्तुत करने नोटिस दिया गया। चालक के द्वारा कोई रेत संबंधी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया है। पुलिस ने गैर इरादतन हत्या बीएनएस की धारा 105 बी के तहत जुर्म दर्ज कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं प्रतिबंधित क्षेत्र में वाहन चलाने पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 115/ 194 के तहत कार्रवाई की गई है।

### तोरवा, मस्तूरी क्षेत्र में हो रहा अवैध रेत परिवहन

तोरवा क्षेत्र के दोमुहानी, ढेंका, मानिकपुर, देवरीखुर्द पंप हाउस घाट व मस्तूरी क्षेत्र के दर्रीघाट, लावर से बेखौफ अवैध रूप से पोकलेन जेसीबी लगाकर नदी से रेत निकाली जा रही है। इन क्षेत्रों से रात भर भारी वाहन व ट्रैक्टर से अवैध रेत का परिवहन कराया जा रहा है। ऐसा नहीं कि इन घाटों की जानकारी खनिज विभाग व संबंध क्षेत्र के पुलिस को नहीं है। सांठगांठ से रात में रेत चोरी का खेल खेला जा रहा है।

## चार पहिया वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**बिलासपुर।** रावत नाचा देखने निकले युवक की चार पहिया वाहन की टक्कर से मौत हो गई है। पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार, गोविंदनगर नायक बाड़ा निवासी त्रिलोक नायक पिता स्व. राधेश्याम नायक ने रिपोर्ट लिखाई। 16 नवंबर को उनका चचेरा भाई राजू नायक 15 साल रात 10 बजे साथियों के साथ बन्नाक चौक में आयोजित रावत नाचा देखने निकला था। रात 2.10 बजे राजू नायक दोस्तों के साथ एक्टिवा क्रमांक सीजी 10 एजी, 8705 से तेलीपारा होते जा रहा था। वह कोतवाली चौक से गोलबाजार जाने के लिए आगे बढ़ा इसी दौरान सामने से आ रहे अज्ञात चार पहिया वाहन के चालक ने उनकी एक्टिवा को टक्कर मार दी। हादसे में राजू नायक की सिर में गंभीर चोट आने से मौत हो गई। वहीं साथ बैठे दो युवक अनुकल, देवकुमार घायल हो गए हैं। पुलिस ने त्रिलोक नायक की रिपोर्ट पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

## बाइक की टक्कर से आरक्षक घायल

**बिलासपुर।** बाइक सवार आरक्षक को दूसरे बाइक सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में आरक्षक घायल हो गया है। पुलिस ने दूसरे बाइक सवार के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। तोरवा पुलिस के अनुसार, चकरभाठा पुलिस कालोनी निवासी आरक्षक सुनील कुमार सूर्यवंशी पिता सीताराम सूर्यवंशी मस्तूरी थाने में पदस्थ है। 14 नवंबर की सुबह वे बाइक क्रमांक सीजी 10 एबी, 8850 से ड्यूटी पर थाने जा रहे थे। सुब 9.45 बजे ढेका निमार्णाधीन ओवरब्रिज के पास सामने से आ रहे बाइक क्रमांक सीजी 10 वाय, 7943 के चालक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में आरक्षक घायल हो गया और उनकी बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने आरक्षक की रिपोर्ट पर बाइक चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

## कुंआ में डूबकर बालक की मौत, जांच में जुटी पुलिस



**बिलासपुर।** खेलते समय कुंआ में गिरने से बालक की मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। रतनपुर पुलिस के अनुसार,ग्राम भैंसाझार निवासी चिराग खुसरो पति छबि खुसरो 7 साल 15 नवंबर को दोपहर में खेलते खेलते कुंआ में गिर गया। काफी समय तक नजर नहीं आया तो परिजन खोजने लगे। इस दौरान बच्चे के डूबने की खबर मिलते ही ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। लोग किसी तरह से बच्चे को बचाने के लिए जुटे रहे। वहां ग्रामीणों की काफी भीड़ गई। काफी मशक्कत के बाद कुंआ में तलाश करने पर बालक की लाश मिली। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

# कोनी का अटल आवास जर्जर, कुदूदंड की महिलाओं का जाने से इनकार, नगर निगम का किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अरपा बैराज के डुबान क्षेत्र से प्रभावित कुदूदंड की महिलाओं ने सोमवार को नगर निगम का घेराव किया। महिलाओं ने कोनी स्थित जर्जर अटल आवास में शिफ्ट होने से इनकार करते हुए सवाल उठाया कि यदि खस्ताहाल मकान में कोई जनहानि होती है, तो इसकी जिम्मेदारी महापौर या आयुक्त में से कौन लेगा। महिलाएं विकास भवन में धरने पर बैठ गईं। बाद में अधिकारियों की समझाइश के बाद मामला शांत हुआ।

- अधिकारियों की समझाइश से मामला शांत, दी गई चेतावनी

ज्ञात हो कि तीन महीने पहले शिवघाट बैराज में अचानक पानी भर गया था। दरअसल सिंचाई विभाग ने पानी का बहाव और बैराज में इसकी टेस्टिंग के लिए ट्रायल किया था। इस दौरान अरपा के तटवर्ती कुदूदंड क्षेत्र की गली नंबर 1, 2, 3 और 4 के 20 से अधिक घरों में पानी भर गया था। पिछले 25-30 सालों से रह रहे इन परिवारों का गृहस्थी का सामान, अनाज, फर्नीचर और कपड़े खराब हो गए थे। प्रभावितों ने जल संसाधन विभाग द्वारा बिना मुनादी कराए बैराज में पानी भरने पर आपत्ति जताते हुए कलेक्टर से शिकायत की थी। इसके बाद प्रभावितों के पुनर्वास का मुद्दा उठाया गया।



कोनी स्थित जर्जर अटल आवास में शिफ्ट होने से इनकार करतीं महिलाएं।

### उसलापुर या अशोक नगर में मकान की मांग

प्रभावित महिलाओं ने महापौर पूजा विधानी से मुलाकात की और अपनी परेशानी बताई। महिलाओं ने कहा कि महापौर ने उन्हें आश्वासन दिया था कि उनकी सुविधा के अनुसार नजदीक के मकान में शिफ्ट किया जाएगा हालांकि, अब उन्हें बहुत दूर भेजा जा रहा है। महिलाओं ने यह भी बताया कि चार महीने बाद बच्चों की परीक्षाएं हैं और इस तरह अचानक स्थानांतरण से उनकी पढ़ाई प्रभावित होगी। महिलाओं ने यह भी कहा कि वे किसी भी कीमत पर कुदूदंड का अपना मकान खाली नहीं करेंगी। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी दी कि या तो उन्हें उसलापुर या अशोक नगर में रहने लायक पक्का मकान उपलब्ध कराया जाए, अन्यथा वे आंदोलन के लिए तैयार हैं।

### 42 लोगों को मकान आबंटित

इधर निगम के अधिकारियों के मुताबिक कुदूदंड बैराज के डुबान क्षेत्र में रहने वाले 42 परिवारों को कोनी स्थित आवास आबंटित कर दिया गया है। महिलाओं की इस शिकायत पर कि पंजीयन के लिए उन्हें दो अलग अलग पत्र दिए गए हैं, जिसमें किसी में 3 तो किसी में 5 हजार पंजीयन शुल्क मांगा गया है। उन्होंने कहा कि आईएचएसडीपी आवास के लिए 3 हजार का शुल्क निर्धारित है। 5 हजार का शुल्क प्रधानमंत्री आवास के लिए है, जिसका पंजीयन 3 साल पुराना है।





